WANTED A SUITABLE MATCH AGED 30 PLUS FOR A KP GIRL, B.A., B.ED., M.ED, 5'-2", WORKING AS A TEACHER IN A PRIVATE REPUTED SENIOR SECONDARY SCHOOL AT NEW DELHI. ALSO DOING M.A. THROUGH ANNAMALAI UNIVERSITY. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI/BIO-DATA THROUGH MAT BOX NO. 6062-397.

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM WELL SETTLED MATCH FOR KP GIRL 25 YRS, 5'-4", FAIR GOOD LOOKING, MA (SPANISH), DIPLOMA (ITALIAN AND FRENCH LANGUAGES) PRESENTLY WORKING AS CHEIF SUB-EDITOR OF A LOCAL ENGLISH DAILY. SEND 'TEKNI' WITH BIO-DATA THROUGH MAT BOX NO. 6063-397.

* * * * *

SUITABLE MATCH FOR A PRETTY KP GIRL 27 YEARS B.E. (COMPUTER ENGG.) EMPLOYED BY A REPUTED MULTINATIONAL COMPANY BASED IN INDIA. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA TO BOX NO. 6064-397.

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR WELL ACCOMPLISHED KASHMIRI BRAHMIN GIRL, 23 YEARS, 5'-4", SLIM, QUALIFIED, WORKING IN A PRIVATE COMPANY AS COMPUTER PROFESSIONAL. THE GIRL HAS FAIR COMPLEXION (UNIFORM COLOUR NON-PATCHY LUKODERMA). CONTACT BOX. NO. 6065-397.

* * * * *

WANTED TALL, GOOD LOOKING, NRI OR WELL ESTABLISHED REPUTED BUSINESSMAN KP BOY FOR A FAIR, REAL PRETTY, CULTURED GIRL 5'-4", P.G. FASHION DESIGNER RUNNING OWN ADVERTISING AS HER PROFESSION AT DELHI, AGE 33 LOOKS LIKE 25-26 YEARS. CONTACT TELEPHONE 6421902 OR 8-360357 AND 8-360035 OR WRITE WITH DETAILS TO MAT BOX NO. 6066-397.

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM SUITABLY PLACED KARKUN BOY FOR SMART GOOD LOOKING CULTURED KP GIRL, 29 YEARS, 5'-5", GRADUATE, DIPLOMA IN COMPUTERS, WORKING IN REPUTED COMPANY IN NEW DELHI. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI AND KULAVALI TO MAT BOX NO. 6067-397.

* * * * *

WANTED ALLIANCE FOR KP GIRL, 27 YEARS, B.SC. (ELECTRONICS) PRESENTLY WORKING AS COMPUTER INSTRUCTOR IN PVT. INSTITUTION AT JAMMU. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI/BIO-DATA TO KS BOX NO. 6068-397.

* * * * *

SUITABLE MATCH FOR PANDIT GIRL 28 YEARS 160 CMS, MBA, POST-GRADUATE IN COMPUTER APPLICATIONS. ACCOUNTS EXECUTIVE IN REPUTED ADVERTISING FIRM AT BOMBAY. WELL KNOWN KASHMIRI FAMILY. PLEASE CONTACT ON PHONE, 3890781, 3863361, 3890781 (BOMBAY), 6949625, 6833540 (DELHI) OR SEND TEKNI/BIODATA TO MAT BOX NO. 6069-397.

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM SUITABLY PLACED KP BOY FOR A GIRL BORN 1970/5'-3", BA (HONS) ECONOMICS. WORKING IN AN EXPORT HOUSE, 5000/- PLUS. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO BOX NO. 6070-397.

WANTED A SUITABLE MATCH FOR A FAIR AND SMART GRADUATE KP GIRL BORN IN 1972, HEIGHT 5'-3", DIPLOMA IN SECRETERIAL COURSE AND COMPUTER SCIENCE. WORKING IN A DELHI BASED REPUTED CONCERN. PLEASE CORRESPOND WITH DETAILS THROUGH MAT BOX NO. 6071-397.

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR KP GIRL (ISSUELESS-LEGALLY DIVORCED) 33/165 CMS, CENTRAL GOVT. EMPLOYEE AND HAVING GOVERNMENT ACCOMMODATION IN DELHI. EARLY MARRIAGE. CORRESPOND TO MAT BOX NO. 6072-397.

* * * * *

WANTED A SUITABLE DELHI BASED MATCH FOR A KP GIRL IN EARLY THIRTY, LEGALLY DIVORCED, ISSUELESS VERY WELL PLACED EXECUTIVE IN A MULTINATIONAL COMPANY AT DELHI. CORRESPOND TO BOX NO. 6073-397.

* * * * *

WANTED SUITABLE PREFERABLY U.S. CITIZEN BOY FOR POST-GRADUATE, CHARMING LADY INNOCENTLY DIVORCED AFTER BRIEF MARRIAGE, U.S. BASED, PROGRAMMER (SYSTEM ANALYST) IN A COMPUTER COMPANY, AGE 37 YRS. EARLY MARRIAGE; CONTACT THROUGH MAT BOX NO. 6074-397.

* * * * *

ALLIANCE INVITED FOR MANGLIK, 23/5'-3", M.A. ECON. FAIR, SLIM, AND HOMELY KP GIRL. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO KS/MAT BOX NO. 6075-397.

* * * * *

WANTED SUITABLE ALLIANCE FOR 27/165 CMS. GOOD LOOKING MODEST KP MD GIRL. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI, BIODATA AND PHOTOGRAPH TO MAT BOX NO. 6076-397.

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR KP GIRL MANGLIK FROM RESPECTABLE FAMILY BORN 1970, HEIGHT 152 CMS. WELL QUALIFIED MASTER'S DEGREE IN PHYSICAL EDUCATION 5 YEARS COURSE FROM MAHARASHTRA UNIVERSITY. DRAWING GOVT. PAY SCALE WORKING IN REPUTED PUBLIC SCHOOL. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA AND KULAWALI TO SHRI ZUTSHI 'SAI KUNJ', FLAT 72, BLOCK A, POCKET 6, SECTOR-16, ROHINI, DELHI-110085, RESIDENCE TELEPHONE-7290109. 6077-397

* * * * *

SUITABLE MATRIMONIAL ALLIANCE INVITED FROM KP BOY FOR KP MANGLIK SCIENCE GRADUATE, CENTRAL GOVT. EMPLOYED, SLIM, CULTURED GIRL. JOB TRANSFERABLE WHEN AND WHERE DESIRED, EARLY MARRIAGE PREFERRED, SEND TEKNI DETAILED BIO-DATA AND FAMILY DETAILS TO SHRI JAWAHAR LAL, BM-100, NEHRU NAGAR, BHOPAL (M.P.). 6078-397.

* * * * *

WANTED SUITABLE MANGLIK BOY PREFERABLY DELHI BASED FOR SMART, FAIR COMPLEXIONED MANGLIK GIRL 29/158 CMS, B.SC., P.G. DIPLOMA DIETITICS. EMPLOYED REPUTED CONCERN NEW DELHI, DECENT JOB, HANDSOME SALARY, RESPECTABLE FAMILY DELHI SETTLED. SEND TEKNI/ BIODATA TO 31-B, UNA ENCLAVE, MAYUR VIHAR, PHASE-I, DELHI-110091. TELEPHONE (011)2490116. 6079-397

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR KP GIRL, M.A., M.ED AND DIPLOMA IN COMPUTER SCIENCE, 26/5'-4", WORKING AS PRIVATE TEACHER. KINDLY CORRESPOND WITH TEKNI/KALAWALI TO SHRI C.L. PANDITA, 108, SECTOR-13, URBAN ESTATE, KURUKSHETRA, HARYANA. 6080-397

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM QUALIFIED WELL-SETTLED KP MATCH (30-33) FOR MY DAUGHTER B.E. (ELECTRONICS) I.E.S., HOLDING SENIOR CLASS I, CENTRAL GOVT. TRANSFERABLE JOB. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO ADVERTISER 413, SURESH NAGAR, THATIPUR GWALIOR-474011.M.P. 6081-397

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR A KP GIRL 24/157 CMS, B.SC. HOME SCIENCE FROM M.S. UNIVERSITY BARODA AND M.SC. COMMUNICATION MEDIA FOR CHILDREN, SNDT PUNE, PRESENTLY BUSY WITH COMPUTER TRAINING. CORRESPOND WITH BIODATA AND TEKNI TO SHRI O.N. BHAT, H.NO. 52, SECTOR-1, ADARSH ENCLAVE, TRIKUTA NAGAR, JAMMU (J&K). 6082-397

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR SMART AND HOMELY KP GIRL 25 PLUS/5'-4"/P.G. TOURISM (D.U.) CERTIFICATE IN RUSSIAN AND FRENCH (D.U.) BASIC COURSE COMPUTERS. PRESENTLY WORKING WITH A UNESCO AIDED INTERNATIONAL ORGANISATION AT NEW DELHI. FATHER A CENTRAL GOVERNMENT OFFICER. CORRESPOND WITH TEKNI AND OTHER PARTICULARS TO SHRI M.K. BHAN, 9/852, R.K. PURAM, NEW DELHI-110022. TELE : 6192402. 6083-397

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM WELL PLACED KP MEDICO BOY (MANGLIK) PREFERABLY POST-GRADUATE OF RESPECTABLE KP FAMILY FOR GRADUATE MEDICO (MANGLIK) GIRL, GOOD LOOKING, 25 YEARS, 5'-5". PRESENTLY DOING HOUSE JOB. PLEASE SEND COMPLETE KULAWALI, BIODATA/ TEKNI AND PHOTOGRAPH OF THE BOY AT THE FIRST INSTANCE TO SHRI ASHOK KAUL, 154/46, VIR MARG, JAMMU-180001. 6084-397

* * * * *

ALLIANCE INVITED FOR CULTURED, HOMELY SMART KP GIRL 27/165, B.SC. (BIO) B.ED. ADVANCED COURSE IN COMPUTERS. GOVT. TEACHER. DELHI BASED PREFERRED WRITE WITH COMPLETE BIODATA, TEKNI AND KULAWALI TO SHRI SAT LAL KUCHROO, 21/1, ROAD NO. 4 EAST GURU ANGAD NAGAR, DELHI-92. 6085-397

WANTED SUITABLE MATCH FOR KP GIRL 26/5'-4". DRAWING 11000/- P.M. GIRL HAS QUALIFIED ICWA (INTERMEDIATE)/HONOURS DIPLOMA FROM NIIT. PRESENTLY WORKING IN MULTINATIONAL COMPANY. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO 39 D, POCKET 1, DILSHAD GARDEN, DELHI-TELE-2113831. 6086-397

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH PREFERABLY MD/MS FOR A MEDICO GIRL (M.B., B.S.) BELONGING TO A RESPECTABLE FAMILY NOW SETTLED IN DELHI. KINDLY SEND TEKNI AND BIO-DATA DIRECT TO BHAN'S, 727, PKT-E, MAYUR VIHAR PHASE-II, DELHI-110091. 6087-397

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR SCIENTIST KP GIRL 31/5'-2", PRESENTLY WORKING AT AIIMS. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI/DETAILS TO SAMPURNA, B-557, SARITA VIHAR, NEW DELHI-110044, PH: 6941940. 6088-397

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH DELHI BASED KP MANGLIK BOY FOR A GOOD LOOKING KP MANGLIK GIRL BORN NOV.'68, B.A.+SOFTWARE COMPUTER COURSE, WORKING IN A MULTINATIONAL COMPANY DRAWING HANDSOME SALARY. PLEASE SEND TEKNI AND COMPLETE BIODATA TO SHRI P.N. BHAT, POCKET A-3, FLAT NO. 165-D, MAYUR VIHAR PHASE-III, DELHI-110096. 6089-397

* * * * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR SMART, FAIR, HOMELY, BEAUTIFUL, CULTURED WELL-VERSED IN DOMESTIC CHORES GIRL 22/5-2", B.SC. (MEDICAL) B.ED. SEND TEKNI AND BIO-DATA TO SHRI S.K. SHANGLOO, H.NO. 67, BARRIAN NEAR KALKA MANDIR, UDHAMPUR-182101. 6090-397

* * * * *

WANTED A SUITABLE KP MEDICO M.S. OR M.D. BOY FOR A RESPECTABLE KP MEDICO GIRL 25/5'-5". PLEASE SEND TEKNI WITH FULL BIODATA TO SHRI AMBARDAR, 131, LOWER LAXMI NAGAR, SARWAL, JAMMU. TELE-543581. 6091-397

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR B.SC., MBA, 28/5'-4½" GIRL WORKING IN REPUTED CONCERN IN DELHI, DRAWING FIVE FIGURE SALARY. PARENTS WELL PLACED AND WELL CONNECTED. CORRESPOND WITH TEKNI TO SHRI DLEEP DAFTARI HOUSE NO. 33, SECTOR 7, LANE 1, NANAK NAGAR, JAMMU-180004. 6092-397

* * * * *

WANTED A KASHMIR PANDIT BOY PREFERABLY SETTLED IN DELHI FOR A KASHMIRI PANDIT GIRL 26/5'-2", DEGREE HOLDER ENGINEER IN ELECTRICAL/ELECTRONICS SERVING AT DELHI IN PRIVATE SECTOR. PLEASE SEND TEKNI/BIODATA AND KULAWALI TO SHRI R.K. KAUL C/O SHRI D.P. GUPTA, ADVOCATE, 217, REHARI COLONY, JAMMU. 6093-397

* * * * *

WANTED A KASHMIRI PANDIT BOY FOR A KP GIRL, MANGLIK DEVIZAT, B.E. ELECTRONIC, 1970 BORN, WORKING IN DELHI. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA TO RAINAS C/O 77 NITCO LANE, TALAB TILLOO, JAMMU. 6094-397

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR A KP GIRL 25 YEARS 5'-3", B.SC. PERSUING MBA, PRESENTLY WORKING AS PROBATIONARY OFFICER IN A NATIONALISED BANK. PLEASE CONTACT WITH TEKNI/KULAWALI TO SHRI S.K. NEHRU, 517-V, TOP SHERKHANI, GOVT. QUARTERS, JAMMU-181121. 6095-397

* * * * *

SUITABLE MATCH FOR KASHMIRI BRAHMAN GIRL, M.A. EMPLOYED IN GOVT. (MP), 32/5'-3"/3500. PLEASE SEND TEKNI/BIODATA TO SHRI M.S. BHAN, LIG/1, B SECTOR, SONAGIRI, RAISEN ROAD, BHOPAL. 6096-397

* * * * *

WANTED BE, MS, WELL PLACED, HANDSOME MATCH, AROUND 28-30 YEARS FOR A VERY BEAUTIFUL, FAIR, SLIM, 160 CM, 24 YEARS OLD, CULTURED, CONVENT EDUCATED THROUGHOUT DISTINCTION HOLDER, B.E. PRESENTLY DOING MBA KASHMIRI SARASWAT BRAHMIN GIRL. PREFERABLY KASHMIRI BOY. EARLY MARRIAGE. CONTACT SHRI RATTAN RAINA, IPS SR. S.P. POLICE LINES, JAMMU (TAWI)-180001. 6097-397

* * * * *

Wanted Brides and Grooms

(I) SUITABLE MATCHES FOR/KP BOY 29/175 B.SC., B.E. (COMPUTER) HARDWARE ENGINEER IN REPUTED COMPANY AT BOMBAY (II) GIRL 27/157, M.SC. (CHEMISTRY P.G. DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION. CENTRAL GOVT. EMPLOYEE. CORRESPOND THROUGH MAT BOX NO. 7003-397.

कोशुर समाचार

वर्ष 41/ अंक 12 | शिवरात्रि विशेषांक | मार्च 1997

इस अंक में

जन्मोत्सव पर विशेष

भारतीय नवजागरण के प्रेरणा-स्त्रोत

परमहंस श्री रामकृष्ण

स्वामी विवेकानन्द ने आज से लगभग एक सौ साल पहले अमरीका के प्रसिद्ध नगर शिकागो में आयोजित धर्म सभा में भारतीय नवजागरण का नूतन संदेश देकर न केवल पश्चिमवासियों को भारत की आत्मा से परिचित कराया बल्कि परोक्ष रूप से भारतीय नवजागरण का बिगुल भी बजाया। सोए हुए भारतवासियों को—जो उपनिषदों की भाषा में अमृत पुत्र हैं—चिरनिद्रा से जगा कर कहा, ''तुम प्रभु की संतान, अमर आनन्द के भागीदार, पवित्र और पूर्ण हो। हे पृथ्वी निवासी ईश्वर स्वरूप भाइयो! तुम भला पापी? मनुष्य को पापी कहना ही पाप है, यह कथन मानव-स्वरूप पर एक लांछन है। ऐ सिंहो आओ और अपने तईं भेड़-बकरी होने का भ्रम दूर कर दो। तुम अमर-आत्मा, शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वभाव, शाश्वत और मंगलमय हो। तुम जड़ नहीं हो, तुम शरीर नहीं हो, जड़ तुम्हारा गुलाम है, तुम उसके गुलाम नहीं।''

उपर्युक्त सिंह नाद करने वाले महापुरुष के आराध्य और इष्ट देव परमहंस श्री रामकृष्ण थे। उनका जन्म बुधवार **फाल्गुन शुक्ला द्वितीया** तदनुसार 17 फरवरी, 1836 ई. को हुआ था। बाल्यकाल में उन्हें तीन बार भाव समाधि हुई थी। अर्थोपार्जन कराने वाली शिक्षा के प्रति उनकी अरुचि रही, अत: ज्यादा पढ़ नहीं सके। 16 वर्ष की आयु में कलकत्ता आकर वहां दक्षिणेश्वर में नव-निर्मित काली मंदिर में पुजारी नियुक्त हुए। यहीं पर उनकी कठोर एवं एक निष्ठ साधना का क्रम प्रारम्भ हुआ। ईश्वर-दर्शन की तीव्र व्याकुलता के फलस्वरूप उन्हें मां जगदम्बा का दर्शन प्राप्त हुआ तथा धीरे-धीरे वह उनके लिए स्थायी तथा स्वाभाविक हो गया। इसके बाद परमहंस श्री रामकृष्ण ने तंत्र, वैष्णव धर्म तथा वेदांत की साधना द्वारा इन सभी के चरम लक्ष्य की प्राप्ति की।

साधनाएं संपूर्ण होने पर जिज्ञासुओं और मुमुक्षुओं का आना-जाना प्रारंभ हुआ। अनेक साधकों को चरम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया और उनमें नरेन्द्र नाथ का नाम सर्वोपरि है। यही नरेन्द्र नाथ बाद में स्वामी विवेकानन्द के नाम से विश्व-विख्यात हुए। 16 अगस्त, 1886 को उनका देहावसान हुआ।

वास्तव में श्री रामकृष्ण संघ की परंपरा में श्री रामकृष्ण तथा स्वामी विवेकानन्द भिन्न व्यक्तित्व होते हुए भी अभेद हैं। स्वामी जी श्री रामकृष्ण रूपी वेद के भाष्य स्वरूप है। एक कवि के अनुसार यदि गुरु श्री रामकृष्ण सुगंध हो तो शिष्य विवेकानन्द वह वायु है, जो सुगंध को दिग-दिगंत में फैलाती है।

स्वामी जी कहा करते थे परमहंस श्री रामकृष्ण देव ने अपनी साधना द्वारा विश्व कुण्डलिनी को जागृत कर दिया है। उनका आविर्भाव सारे संसार में आध्यात्मिकता का संचार करने के लिए हुआ था। आज धर्म की संस्थापना के लिए विश्व शांति के लिए, भारत को श्री रामकृष्ण रूपी सांचे में ढाल कर अपने नवयुवक और नवयुवतियों को भारत के नव-निर्माण के साथ-साथ विश्व बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने के कार्य में एकजुट होना ही पड़ेगा। —सं.

कश्मीरी समिति, दिल्ली का मासिक प्रकाशन

सम्पादक—चमनलाल सप्रू

अपनी बात

प्रिय बन्धुओ,

नमस्कार।

पिछले दिनों अपने सहधर्मी बंधुओं से चर्चा हुई अपनी सांस्कृतिक थाती पर। विस्थापन से हमारी इस अमूल्य धरोहर को जितना नुकसान हुआ वह अवर्णनीय है। इसकी रक्षा और संवर्द्धन हेतु अलग-अलग ढंग से हमारे हितैषी लगे हुए हैं। इसी दिशा में '**नित्यानन्द शास्त्री कश्मीरी शोध संस्थान**' नाम से दिल्ली में हमारे कुछ मित्रों ने स्थापना करके पहल की है। इस संस्थान के प्रेरक सर्वश्री सुरेन्द्रनाथ पंडित, मखनलाल पंडित, डॉ. शशिशेखर तोषखानी, प्रो. बंसीलाल फोतेदार तथा ख्याति प्राप्त चित्रकार पृथ्वीनाथ काचरू बधाई के पात्र हैं। श्री सुरेन्द्रनाथ पंडित के अथक प्रयासों से अनेक दुर्लभ कलाकृतियों तथा डॉ. स्टाइन, जार्ज ग्रियर्सन आदि प्राच्य विद्याविद् महानुभावों और कश्मीर के मूर्द्धन्य संस्कृत विद्वान स्व. पंडित नित्यानंद शास्त्री के बीच हुए महत्वपूर्ण पत्र-व्यवहार का संकलन एवं संग्रह भी इस शोध संस्थान की एक महत्वपूर्ण निधि है। इस दुर्लभ सामग्री पर शोध एवं प्रकाशन निःसंदेह उपर्युक्त संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धि होगी।

कुछ समय पूर्व मैंने पंपोश एनक्लेव, दिल्ली में स्थापित '**कश्मीर एजूकेशन, कल्चर एंड साइंस सोसाइटी**' के बारे में भी इसी स्तंभ में टिप्पणी लिखी थी। उक्त सोसाइटी के पास एक विशाल भूखंड, पुस्तकालय और एक लघु विद्यालय है। **विश्व भारती संस्थान, नोएडा** ने भी इस दिशा में पहल की थी। अब अवसर आया है कि हमारे प्रयासों में तालमेल हो और हम बड़ी गंभीरता से अपनी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकें और न केवल बातों-बातों से ही अपने कर्तव्य की इतिश्री करें अपितु संजीदगी के साथ मिलकर एक लघु संग्रहालय स्थापित करें, एक शोध पुस्तकालय की स्थापना करें और इस दिशा में हो रहे अलग-अलग प्रयासों को समेकित कर देश भर में एक आदर्श सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना करें।

सिंधी अकादमी की स्थापना के बाद कुछ वर्ष पूर्व मैंने दिल्ली सरकार के कर्णधारों से निवेदन किया था कि अब **कश्मीरी अकादमी** की भी स्थापना होनी चाहिए। वर्तमान भाजपा सरकार इस तथ्य को अच्छी तरह समझती है। लेकिन यह हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि दिल्ली की सरकार दिल्ली में बसे एक लाख के लगभग कश्मीरी भाषियों की इस अति संवेदनशील मांग को यथाशीघ्र साकार रूप देने का निर्णय ले। आशा है कि हमारे बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी एवं हितैषी इस दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। यदि हम तत्काल यह कार्य हाथ में नहीं लेंगे तो फिर पछताना ही पड़ेगा। मां शारदा अपनी संतानों को प्रवास में अपनी पांच हजार साल पुरानी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्द्धन में सहायता करें, ऐसी प्रार्थना मैं 'गौरी तृतीया' के पावन पर्व पर हर बार करता हूं।

• • •

अबकी बार शिवरात्रि के पावन पर्व पर इस अंक में अधिकारी विद्वानों की रचनाएं प्रकाशित की हैं। आशा है पाठकों को मनोवांछित पठन सामग्री मिलेगी। 'कोशुर समाचार' परिवार की ओर से पाठकों को **हेरथ मुबारक।**

शेष अगली बार।

आपका

च.ल.स.

सम्पादक

आ प की बा त

आंतरिक और बाह्य सौन्दर्य सम्पन्न

नव वर्ष की (देर से ही सही) ढेरों शुभ कामनाएं। इस बार, पहली बार 'लेखक प्रति' प्राप्त कर बहुत अच्छा लगा। आपको व 'काशुर समाचार' के संपादक मण्डल को बहुत-बहुत धन्यवाद। कोशुर समाचार से मेरा परिचय बहुत पुराना है। बीच में कुछ कारणों से पत्र बंद हुआ था। तब श्री पी.एन. भट्ट तथा अन्य कुछ बिरादरी के महानुभावों ने आपस में संबंध बनाए रखने तथा बिरादरी की गतिविधियों से एक-दूसरे को निरंतर अवगत रखने के लिए 'कोशुर खबर' नाम से पत्र निकाला था। उन महानुभावों का यह व्यक्तिगत प्रयास बहुत बड़े साहस का काम था।

उन दिनों 'कोशुर खबर' में पाठकों के बहुत उत्साहवर्धक पत्र भी आते रहते थे। तेरह-चौदह पन्नों के पत्र में प्राय: सभी आवश्यक जानकारियां व रचनाएं प्राप्त होती थीं।

अप्रैल 1984 अंक 3 में लिखे श्री 'कुन्दन' (आजकल कोशुर-समाचार' के अंग्रेजी भाग के संपादक) के पत्र की निम्न पंक्तियां सत्य हो गई—"I wish 'KOSHUR KHABAR' all the success. May this small 'reh' grow into a big 'Mashaal' to give light to our Biradari for all the times to come." आज सच में यह पत्रिका एक 'मशाल' बनकर हमें आगे-आगे ले जा रही है। हर मास हर अंक की प्रतीक्षा रहती है। विलम्ब हो जाए तो परेशानी बढ़ने लगती है कहीं अंक 'मिस' न हो जाए। दो-तीन बार पहले ऐसा हो चुका है शायद इसलिए।

बहुत हर्ष की बात है 'पत्रिका' निरंतर आंतरिक और बाह्य सौन्दर्य से संपन्न होती जा रही है। आवरण पृष्ठ भी सुन्दर से सुन्दरतर बरबस ध्यान आकर्षित करते हैं। रचनाएं दिन-प्रतिदिन स्तरीय होती जा रही हैं। सोने में सुहागा यह कि पत्रिका हर मास समय पर हमारे हाथों में होती है। स्थाई स्तंभ के रूप में नीलमत पुराण का अर्थ व्याख्या सहित धारावाहिक रूप में चयन महत्वपूर्ण उपलब्धि है विशेषकर छात्र-युवा वर्ग के लिए। इसके द्वारा वह अपनी मातृभूमि की भूगौलिक ऐतिहासिक जानकारी के साथ-साथ अपने पूर्वजों के रहन-सहन रीति-रिवाजों धार्मिक उत्सवों-संस्कृति आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उस समय का जीवन कितना संपन्न, नैतिक मूल्यों से स्मृद्ध, आपसी मधुर संबंधों की मधुरिमा से भरा-पूरा था। नारी का समाज में बराबरी का स्थान आदरमान था। मित्र, बच्चों, नौकर, अतिथि सबका महत्वपूर्ण स्थान था। 'गृहस्थ' उनको खिला-पिलाकर स्वयं अन्न ग्रहण करता था तथा उनकी आवश्यकताओं का ध्यान भी रखता था।

'कोशुर समाचार' के संपादक मंडल को एक लड़ी में पिरोने व सशक्त बनाने के लिए श्री डी.पी. भान को पत्रिका से जोड़ कर सराहनीय काम किया गया है। इसके लिए 'कोशुर समाचार' के संपादक मंडल को बहुत-बहुत धन्यवाद। आदरणीय भान साहब को इस दायित्व को स्वीकारने पर मुबारकबाद तथा धन्यवाद।

एक बात और। मेरे लेख—'पुष्प जी मेरे पथ प्रदर्शक' के पृष्ठ 74 पर अंतिम परिच्छेद (पहला कालम) की दूसरी पंक्ति में सन 1940 है 1980 नहीं। 'चन्द्रोदय' नाम के पत्र का संपादन 1940 में हुआ था।

—निर्मल कुसुम काचरू
4 जी, जवाहर नगर, दिल्ली-110007

•

वैश्विक चिन्तना प्रधान पत्रिका

कोशुर समाचार का अक्तूबर 1996 अंक अंग्रेजी, हिन्दी, कश्मीरी रचना-धर्मिता प्रतिनिधि रचनांक देखने का अवसर विख्यात लेखिका डॉ. भुवनेश्वरी तिवारी, जिनकी रचना 'हमारा अपना कश्मीर' पृष्ठ 68 पर प्रकाशित है के माध्यम से अवलोकन करने को मिली, समीक्षा 'आधार भूमि की खोज' (मोतीलाल क्यमू, समीक्षक डॉ. रतन लाल शांत) नाटक में रचनाकार की सृजन-प्रक्रिया का उद्घाटन तथा अनेक समग्र नाटक संसार की विवेचना महत्वपूर्ण है। भाषा प्रांजल, प्रवाहयुक्त तथा कृति का परिचय प्रस्तुत करती है। अंग्रेजी आलेख 'शमस फकीर की कविता', 'गायत्री मंत्र का अरविन्द की तीन कविताएं' रुचिप्रद लगीं।

हिन्दी प्रखण्ड में 'प्रकृति की सुषमा का विस्तार, महकती केसर की क्यारी/शैल श्रृंगों का वैभव जहां झील की शोभा न्यारी/धरा का यह सुंदर कश्मीर/हमारा अपना है कश्मीर। डॉ. भुवनेश्वरी तिवारी कृत कश्मीर विषयक रचना, संतोष प्रेरणा की 'कब आएंगे वे लौटकर' 'उस रात का वहशीपन', कवि पृथ्वीनाथ मधुप का 'रुद्ध प्रवाह' कविताएं तथा नरेन्द्र सहगल और रामशंकर अग्निहोत्री के कश्मीर विषयक यर्थाथपरक आलेख बहुत प्रभावी तथा विचार-चिंतना के लिए विवश करते हैं। कश्मीरी अनुभाग में प्रो. नीलकंठ गुर्टू का परमार्थसार (कारिका-35) पठनीय, मननीय और विचारणीय रचनाएं हैं। भारतीय साहित्य, संस्कृति और वैश्विक चिंतना प्रधान इस पत्रिका की उपयोगिता निरंतर बढ़ती रहेगी और कश्मीर की सुषमा, वैभव तथा प्रकृति-सम्पदा का अक्षय गायन कर विश्व-संस्कृति को दृढ़ करेगी। मेरी हार्दिक शुभकामनाएं इस पत्र के साथ हैं।

—डॉ. चक्रधर नलिन,
साहित्यमहोपाध्याय
246, प्रभुटाउन, रायबरेली-229 001 (उ.प.)

•

एक और प्रतिक्रिया!

भारतीय संस्कृति और साहित्य की जीवन्तना लिए कोशुर समाचार पत्रिका का जनवरी 1997 अंक मिला। पाकर प्रसन्नता हुई। इस पत्रिका का आद्यन परिशीलन किया। इस पत्रिका के तीनों अनुभाग 'अंग्रेजी-हिंदी-कश्मीरी' देश-काल सापेक्ष होते हुए भी मूल शाश्वत सांस्कृतिक धारा से जुड़े हुए हैं। यह प्रसन्नता का विषय है। मुख पृष्ठ पर गायत्री माता का सुस्निग्ध भास्वर चित्र बहुत अच्छा लगा। भीतर अंग्रेजी अनुभाग में गायत्री मंत्र पर सुविचारित लेख एक आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। जिज्ञासु के लिए यह पारितोषक सामग्री है।

कोशुर समाचार का हिन्दी अनुभाग का 'चिन्तन'—हिन्दी के प्रति गांधी जी के विचार प्रेरणादायी हैं। हिन्दी के प्रति जो आज बेखबर हैं या उपेक्षा भाव रखते हैं, उन्हें जागना ही चाहिए। लेख कश्मीर की स्वायत्तता का गंभीर सवाल (नरेन्द्र मोहन) सशक्त सामयिक रचना है। प्रो. पुष्प पर प्रस्तुत संस्मरण उनके उदात्त, संवेदनशील सहृदय व्यक्तित्व का परिचय कराते अन्तर को रोमांचित कर देते हैं। उनकी कविताएं और ग़ज़ल जिनका मूल विषय कश्मीर घाटी का दर्द है अपनी धरती से जुड़ी समस्या का सटीक चित्रांकन करती हैं। 'यहां वितस्ता बहती है' (पुस्तक समीक्षा) की सारगर्भित विवेचना संक्षिप्रतः सांगोपांग प्रस्तुत की गई है। भाषा हृदय स्पर्शी है।

कश्मीरी अनुभाग की विषय सामग्री भी अनूठी समयानुकूल समय की अनुगूंज को मुखरित करती है। यहां विचारणीय है **अपनी बात** सम्पादक की सूझ-बूझ और सामयिक स्पंदन की सुन्दर पकड़। कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा और पुनर्वास मानवाधिकारों का नैतिक कर्त्तव्य होना ही चाहिए।

समग्रतः पत्रिका कलेवरता और भावतः धर्म, आध्यात्म धार्मिक विश्वास, समाज-राजनीति का समन्विन सांस्कृतिक रूप प्रस्तुत करती हृदय और मस्तिष्क को अच्छा पाथेय और पथ्य प्रस्तुत करती है। पत्रिका के सम्पादकत्व में नीर-क्षीर विवेचन की शक्ति है। इसके उत्तरोत्तर विकास एवं प्रगति की मंगलाशा है।

—डॉ. भुवनेश्वरी तिवारी
बेलीगंज, रायबरेली-229001 (उत्तर प्रदेश)

•

साहित्यिक एवं राजनैतिक जीवन रेखा

'कोशुर समाचार' अब प्रगति करते-करते उन्नति के शिखर पर पहुंच गया है। वास्तव में यह पत्रिका हमारे निर्वासित समाज की साहित्यिक एवं राजनैतिक जीवन रेखा है। हमारे विचार 'कोशुर समाचार' में केन्द्रित होने से हमारा अस्तित्व सुरक्षित है। इसकी उन्नति का श्रेय आपके साथ-साथ श्री ए.एन. कौल, हलीम जी और कुन्दन जी जैसे कार्यकुशल एवं निष्काम समाज सेवियों को मिलता है। भगवान से यही प्रार्थना है कि हमारी यह पत्रिका निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़े।

—जानकीनाथ कौल 'कमल'
'शांति कुटीर'
37/4, पंडोका कालोनी,
पलौरा, जम्मू-181121

सामयिकी

कश्मीर : समस्या अधिकारों की कमी नहीं अधिकता है

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में सांसद *जगमोहन* बता रहे हैं कि किस तरह कश्मीर की समस्या अधिकारों की कमी नहीं, बल्कि उनकी अधिकता और गलत इस्तेमाल है।

जम्मू कश्मीर में सन् 1952-53 के पूर्व की स्थिति बहाल करने या राज्य को अधिकतम स्वायत्तता देने की मांग करने वाले लोग कुछेक महत्वपूर्ण प्रश्नों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। वास्तव में ये लोग अपनी इन मांगों के व्यावहारिक पक्ष के प्रति रत्तीभर भी गंभीर नहीं है, बल्कि इस बाबत अपनी सुविधानुसार मनमाफिक व्याख्या कर इसे और अधिक अस्पष्ट कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उदाहरण के लिए वे इस तथ्य की अनदेखी कर रहे हैं कि केंद्र से आर्थिक एकीकरण के अभाव में जम्मू-कश्मीर का विकास संभव नहीं है क्योंकि राज्य के पास अपने आर्थिक संसाधन ही नहीं हैं। यह केंद्र की आर्थिक मदद ही है जो राज्य की पंचवर्षीय योजनाओं को धन मिल पाता है। यही नहीं गैर योजनागत खर्चों का भी एक बड़ा भाग केंद्र देता है।

रिजर्व बैंक बुलेटिन (दिसंबर 1995 के 1 व 2 भाग) के मुताबिक वर्ष 94-95 में जम्मू-कश्मीर को 3,010 रुपये प्रति व्यक्ति केंद्रीय मदद के रूप में मिले। जबकि यह राशि बिहार के लिए 190; तमिलनाडु के लिए 305; राजस्थान के लिए 385 और उत्तर प्रदेश के लिए 341 रुपए है। और जम्मू-कश्मीर को मिलने वाली केंद्रीय मदद का 90 फीसदी भाग अनुदान के रूप में होता है और शेष 10 प्रतिशत ऋण के रूप में। इसके विपरीत ऊपर बताए गए चार राज्यों को इसी मदद का 70 फीसदी भाग ऋण के रूप में मिलता है, अनुदान तो महज तीस फीसदी ही होता है। इसी तरह इसी वर्ष के लिए जम्मू-कश्मीर को गैर-योजनागत मद में प्रति व्यक्ति 720 रुपए मिले जबकि बिहार को 72 रुपए, तमिलनाडु को 23 रुपए, राजस्थान को 81 रुपए और उत्तर प्रदेश को 23 रुपए मिले। इन आंकड़ों से जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर को इस सुविधा के रूप में मिल रहा लाभ सिर्फ केंद्र पर आर्थिक रूप से निर्भर होने के कारण ही मिल रहा है। यदि यह संबंध ही समाप्त हो जाए तब क्या होगा? इन खर्चों की पूर्ति कौन करेगा? क्या यह आवश्यकता अमेरिका या अन्य पश्चिमी देश पूरी करेंगे? और यदि ऐसा हुआ तो क्या जम्मू-कश्मीर उनके हाथ में चले जाने जैसा नहीं होगा?

इसी तरह संविधान की धारा 356 का ही उदाहरण लें। इसके तहत राज्य को कभी भी राष्ट्रपति शासन के अधिकार क्षेत्र में लाया जा सकता है। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि इस धारा की आड़ में राज्य की स्वायत्तता का अतिक्रमण कर लिया जाता है, लेकिन ऐसा कहने वालों ने इससे संबंधित प्रश्न का उत्तर ढूंढने की कभी कोई आवश्यकता नहीं समझी। मान लीजिए कि कभी राज्य में संवैधानिक व्यवस्था ठप्प हो जाए या राज्य सरकार कभी रक्षा, विदेशी मामलों या संचार क्षेत्र से जुड़े केंद्र के निर्देशों को मानने से मना कर दे, तब क्या होगा, खासकर संविधान की धारा 356 न होने पर? मान लीजिए, राज्यपाल को धारा 356 में

आज जो अर्थ 'अधिक स्वायत्तता से निकलता है वही कल स्वतंत्रता की मांग में निहित होगा। ऐसे किसी भी कदम के गंभीर परिणाम होंगे जो भारत को विभाजित करने जैसे ही खतरनाक होंगे। वास्तव में महज अपने अधिकारों की बढ़ोत्तरी के लिए चंद नेता राज्य के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, उन्हें बांट रहे हैं और भारत के दुश्मनों खासकर उसके टुकड़े करने में जुटी ताकतों की मदद ही कर रहे हैं।

निहित समस्त अधिकार प्राप्त हो जाते हैं, तो क्या इसका यह मतलब होगा कि राष्ट्रपति राज्यपाल का निर्णय शिरोधार्य करेंगे? गौर करें, उस राज्यपाल जिसे राष्ट्रपति स्वयं नियुक्त करता है। फिर मान लीजिए राज्यपाल को सदर-ए-रियासत यानी प्रांत का प्रमुख बना दिया जाता है (जिसका निर्वाचन प्रदेश विधान सभा करेगी) तो सदर-ए-रियासत को अंतिम निर्णय का अधिकार देने का क्या यह अर्थ नहीं होगा कि केंद्र को प्रदेश की अधीनता प्रदान की जाए? और ऐसे में यदि राष्ट्रपति सदर-ए-रियासत की मान्यता रद कर दे और राज्य विधानसभा उसे दोबारा निर्वाचित कर दे, तो क्या इससे संवैधानिक संकट नहीं खड़ा हो जाएगा?

केंद्र से जो आर्थिक मदद जम्मू-कश्मीर को आज मिल रही है वह जारी रहे और जैसी कि कुछ हलकों से मांग उठ रही है कि सुरक्षा; विदेश नीति संबंधी मामले और संचार क्षेत्र राज्य को सौंप दिया जाए तो यहां भी पाकिस्तान की तर्ज पर शरीअत पर आधारित अदालतें गठित हो जाएंगी। दीवानी और आपराधिक मामलों के लिए इस्लामिक कानून बनाए जाएंगे यानी कुल मिलाकर इनका स्वरूप मजहबी ही रहेगा। क्या ऐसी कोई स्थिति हमारे संविधान की मूल भावना के साथ अपराध न होगी? और क्या पंथनिरपेक्षता का यह रूप मजहबी न होगा? इस मजहबी व्यवस्था को क्या कट्टरता और रूढ़िवादिता से और मजबूती न मिलेगी?

वास्तव में देखा जाए तो जम्मू कश्मीर की मूल समस्या अधिकारों की कमी से नहीं, बल्कि उनकी अधिकता से उपजी है। उदाहरण के रूप में शेख अब्दुल्ला का कार्यकाल ले लें (सन् 77 से 82 का समय)। इस दौरान उन्होंने राज्य में निर्वाचित तानाशाही सी स्थिति बना ली थी। वह राज्य पर 'एक व्यक्तिवाद सिद्धांत' की तरह ही शासन कर रहे थे। कोई भी यह देखने वाला नहीं था कि वह क्या कर रहे हैं और उसमें क्या गलत है। जनतांत्रिक मोर्चों पर खासतौर से पुलिस तंत्र जैसे संवेदनशील विभागों में अलफतह और ऐसे दूसरे संगठनों के कट्टर समर्थकों की भर्ती एक ऐसी ही गलती रही। यह एक ऐसा कदम रहा जिससे राज्य की सुरक्षा और संप्रभुता, दोनों संकट में आ गईं। इसके बावजूद तत्कालीन राज्यपाल या केंद्र सरकार ने उनसे इस बाबत एक बार भी सवाल जवाब नहीं किया। सन् 82 का पुनर्वास अधिनियम जो शेख अब्दुल्ला के समय में बना था और जिसे लागू डा. फारूक अब्दुल्ला के समय में किया जा सका, यही बताता है कि राज्य के पास पर्याप्त अधिकार मौजूद हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि कश्मीर से जुड़ी तमाम समस्याओं के बीज स्वायत्तता की कटौती से नहीं बल्कि गंभीरता और महत्व न देने से बड़े होकर वृक्ष बने। शक्ति के रूप में इस राज्य के नेताओं को असीमित अधिकार दिए गए जिनका प्रयोग इन नेताओं ने राज्य की भलाई के लिए न कर अपनी भलाई के लिए किया। नतीजा आज सामने है।

स्वायत्तता का राग अलापने वालों से कुछेक प्रश्न पूछना बेहद जरूरी है, क्या वे इससे और अधिक स्वायत्तता चाहते हैं, खासकर ऊपर बताए गए अधिनियम जैसा कानून बनाया जा सकता है? अधिकारों की कमी से राज्य की कौन-सी कल्याणकारी योजनाएं या विकास का काम ठप्प पड़ा हुआ है? ऐसा कौन-सा कानून है या शासकीय आदेश है या अदालती निर्णय है जो कश्मीर की विशिष्टता या उसकी पहचान या उसके भूभाग में कटौती करता है? केंद्रीय मदद के बगैर राज्य का क्या होगा? यदि यह धन ऐसे ही निर्बाध गति से राज्य को मिलता रहे, तो क्या गारंटी कि राज्य को मजहबी होने से बचाया जा सकेगा और विघटनकारी ताकतों से मिल रही चुनौती का किस तरह सामना किया जाएगा?

यदि अब तक इस बाबत छपे समाचारों को तटस्थ होकर देखा जाए तो साफ लगेगा कि अधिकतम स्वायत्तता और 1952-53 से पूर्व की स्थिति बहाल करने की मांग करने वाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इस किस्म की बात कर वे लोगों के दिमाग में गलत भ्रांतियां पैदा कर उनमें झूठी आशाएं जगा रहे हैं। ये लोग जानबूझकर या अनजाने में ही उन ताकतों को मजबूत कर रहे हैं जो सन् 48 से ही राज्य में 'शेखडम' की स्थापना करना चाहते हैं। आज जो अर्थ 'अधिक स्वायत्तता से निकलता है वही कल स्वतंत्रता की मांग में निहित होगा। ऐसे किसी भी कदम के गंभीर परिणाम होंगे जो भारत को विभाजित करने जैसे ही खतरनाक होंगे। वास्तव में महज अपने अधिकारों की बढ़ोत्तरी के लिए चंद नेता राज्य के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, उन्हें बांट रहे हैं और भारत के दुश्मनों खासकर उसके टुकड़े करने में जुटी ताकतों की मदद ही कर रहे हैं। ❑

महाशिवरात्रि-व्रत

—काव्यतीर्थ प्रोफेसर श्री लौटूसिंहजी गौतम

(संतों की उच्छिट उक्ति है मेरी बानी। जानूं उसका भला भेद क्या मैं अज्ञानी ॥—तुकाराम)

बौद्ध काल से ही 'शिव-तत्व' के विषय में घोर अज्ञान छाया हुआ है। आजकल के साक्षर विद्वानों में से कुछ तो ऐसे हैं जो प्राय: शिव-तत्व, शिवार्चन, महाशिवरात्रि-व्रत आदि के रहस्य से सर्वथा अनभिज्ञ हैं; बहुत से पाश्चात्य विद्वानों की कुतर्कपूर्ण विचारधारा में बहे जा रहे हैं तथा कुछ मायामुग्ध विषयासक्तजन अपने कुत्सित विचारों को ही मंगलमूर्ति शिव पर आरोपित करते हैं। कोई उन्हें गंजेड़ी, भंगेड़ी समझता है, कोई सीधा-सादा, भुलक्कड़ भोलानाथ और कोई उन्हें व्याघ्रचर्माम्बरधारी, डमरू-बजाने वाला भूतनाथ। इनसे परे उनकी दृष्टि नहीं जाती। हम यह नहीं कहते कि भगवान अपने भक्तों की भावना के अनुसार रूप धारण नहीं करते, परंतु अपनी दुर्बलताओं को भगवान के माथे मढ़ना अवश्य ही निन्द्य कर्म है। इसी से कहना पड़ता है कि इस संबंध में लोगों में कितना भ्रम फैला हुआ है। अवश्य ही वैष्णव, शाक्त, सौर, गाणपत्य आदि संप्रदायों के संबंध में भी भ्रम फैला हुआ है, परंतु शैव और पाशुपतमत संबंधी भ्रम उससे बहुत आगे बढ़ गया है। इनके संबंध में तो यहां तक नौबत पहुंच गई है कि लोग इन्हें अनार्य धर्म तक मानने लगे हैं।[1] इस संबंध में यहां हम अधिक विस्तार न कर केवल इतना निवेदन कर देना ही पर्याप्त समझते हैं कि शैव और पाशुपत-धर्मों को अनार्य धर्म मानना उचित नहीं है—वे शुद्ध वैदिक आर्य-धर्म है। यद्यपि समय के प्रभाव से इनमें अन्य प्रकार के विचारों का भी थोड़ा-बहुत समावेश हो गया है, तथापि जैसे अनेक नदियों के आकर मिल जाने पर भी पुण्यतोया गंगा का गंगापन नष्ट नहीं होता, वैसे ही इस वैदिक धर्मरूपी सुरसरिकी सुधाधारा में अनेकों विचार-सरिताओं का सम्मिश्रण हो जाने से ही इसकी पवित्रता नष्ट नहीं हो गई। इस सम्मिश्रण से इन आर्य-धर्मों को अनार्य-धर्म कदापि नहीं कहा जा सकता। जो कहते हैं वे भूल करते हैं। अस्तु।

जैसे शैव मत के विषय में मतभेद है वैसे ही शिव संबंधी व्रतों के विषय में भी है। इस विषय की विधिवत मीमांसा करना तो इन पंक्तियों के लेखक की सामर्थ्य से बाहर की बात है, फिर भी अपनी अल्प मति के अनुसार भगवान शिव की अनुकंपा से प्राप्त हुए कुछ अनुभव के आधार पर यत्किञ्चित लिखने का प्रयत्न किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि-व्रत के रहस्य को जानने के लिए यह आवश्यक है कि उसका पदच्छेद करके उसके अंगीभूत प्रत्येक शब्द पर विचार किया जाए। देखा जाए कि 'शिव' किसे कहते हैं, 'रात्रि' क्या चीज है और 'व्रत' का क्या अर्थ है। साथ ही, इसका साधन क्या है और इसे करने से किस फल की प्राप्ति होती है, आदि।

शिव

अवश्य ही 'शिव क्या है' इसका जान लेना शिव-कृपा पर ही अवलंबित है। वस्तुत: इसे जानना ही शिव का साक्षात्कार कर लेना है, जो बहुत दूर की बात है, फिर भी साधारण ज्ञान के लिए इतना जान लेना आवश्यक है—

शेते तिष्ठति सर्वं जगत्
यस्मिन स: शिव: शंभु विकाररहित:.....

अर्थात् 'जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकाररहित है वह 'शिव' है, अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं वे ही सुखमय, मंगलरूप भगवान शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं वे ही करुणासागर भगवान शिव हैं। जो भगवान नित्य, सत्य, जगदाधार, विकाररहित, साक्षीस्वरूप हैं वे ही शिव हैं, उन्हीं का वर्णन श्रीपुष्पदंताचार्य ने शिव-महिम्न:स्तोत्र में इस प्रकार किया है—

त्रयी सांख्यं योग: पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमद: पथ्यमिति च।
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलानानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव॥

महासमुद्ररूपी शिवजी ही एक अखंड पर तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप

से क्रमशः 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही 'परमात्मा', 'जगदात्मा', 'शम्भव', 'मयोभव', 'शंकर', 'मयस्कर', 'शिव', 'रुद्र' आदि नामों से संबोधित किए जाते हैं। आचार्य ने सत्य ही कहा है—

त्वमापस्त्वं सोमः................

न विद्मस्तत्तत्वं वयमिह तु यत् त्वं न भवसि।

यही भगवान शिव वर्णनातीत होते हुए भी अनुभवगम्य हैं, यही आशुतोष भक्तों को अपनी गोद में रखते हैं, यही 'त्रिविध तापों को शमन करने वाले हैं, इन्हीं से समस्त विद्याएं एवं कलाएं निकली हैं, ये ही वेद तथा प्रणव के उद्गम हैं, इन्हीं को वेदों ने 'नेति-नेति' कहा है। यही नित्याश्रय और अनंतश्राय हैं और यही दयासागर एवं करुणावतार हैं। इनकी महिमा का वर्णन करना मनुष्य की शक्ति के बाहर है।

रात्रि

अब रात्रि के संबंध में सुनिए। 'रा' दानार्थक धातु से 'रात्रि' शब्द बनता है, अर्थात् जो सुखादि प्रदान करती है वह 'रात्रि' है। ऋग्वेद-रात्रिसूक्त के यूप-मंत्र में रात्रि की बड़ी प्रशंसा की गई है—

उप मा पेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमगस्थित।

उष ऋणेव यातय॥

(ऋग्वेद सं.रा.सू. 10/127/7)

'हे रात्रे! अक्लिष्ट जो तम है

वह हमारे पास न आवे। ... ... आदि।'

रात्रि सदा आनंददायिनी है, अतः सबकी आश्रय दात्री होने के कारण उसकी स्तुति की गई है और यहां रात्रि की स्तुति से प्रकृतिदेवी, दुर्गादेवी अथवा शिवादेवी की ही स्तुति समझनी चाहिए। इस प्रकार शिवरात्रि का अर्थ होता है 'वह रात्रि[2] जो आनंद देने वाली है और जिसका शिव के नाम के साथ विशेष संबंध है।' ऐसी रात्रि माघ-फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की है, जिसमें शिव पूजा, उपवास और जागरण होता है। उक्त फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को शिवपूजा करना एक महाव्रत है, अतः उसका नाम महा-शिवरात्रि व्रत पड़ा। परमात्मा शिव के भावुक भक्तों के लिए इस संबंध में कुछ आवश्यक उद्धरण दिए जाते हैं—

परात् परतरं नास्ति शिवरात्रिपरात् परम्।

न पूजयति भक्त्येशं रुद्रं त्रिभुवनेश्वरम्।

जन्तुर्जन्मसहस्रेषु भ्रमते नात्र संशयः॥

(स्कन्दपुराण)

सौरो वा वैष्णवो वान्यो देवतान्तरपूजकः।

न पूजाफलमाप्नोति शिवरात्रिबहिर्मुखः॥

(नृसिंह-परिचर्या और पद्मपुराण)

इसका आशय यह है कि शिवरात्रि-व्रत परात्पर है। जो जीव इस शिवरात्रि में महादेव की भक्तिपूर्वक पूजा नहीं करता, वह अवश्य सहस्रों वर्षों तक घूमता रहता है। चाहे सूर्यदेव का उपासक हो, चाहे विष्णु तथा अन्य किसी देव का, जो शिवरात्रि का व्रत नहीं करता उसको फल की प्राप्ति नहीं होती। स्कन्दपुराण फिर डंके की चोट कहता है—

शिवं तु पूजयित्वा यो जागर्ति च चतुर्दशीम्।

मातुः पयोधररसं न पिबेत् स कदाचन॥

जो शिव-चतुर्दशी में शिव की पूजा करके जागता रहता है, उसको फिर कभी अपनी माता का दूध नहीं पीना पड़ता अर्थात् वह मुक्त हो जाता है।

सागरो यदि शुष्येत क्षीयेत हिमवानपि।

मेरुमन्दरशैलाश्च श्रीशैलो विन्ध्य एव च॥

चलन्त्येते कदाचिद्वै निश्चलं हि शिवव्रतम्।

(स्कन्दपुराण)

अर्थात् 'चाहे सागर सूख जाए, हिमालय भी क्षय को प्राप्त हो जाए, मंदर, विन्ध्यादि पर्वत भी विचलित हो जाएं। पर शिव-व्रत कभी विचलित (निष्फल) नहीं हो सकता।' इसका फल अवश्य मिलता है।

यहां 'शिव' और 'रात्रि' का अर्थ निरूपणकर, रात्रि में व्रत करने की प्रशंसा की गई। अब तत्वतः शिवरात्रि-व्रत क्या है तथा फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में क्या विशेषता है, इसका थोड़ा-सा तात्विक विवेचन भी किया जाता है। जो मनुष्य 'कालतत्व' की भाषा जानते हैं उन्हें विदित है कि समय पर कार्य करने से इष्ट पदार्थों की प्राप्ति होती है। फाल्गुण के पश्चात नए वर्ष चक्र का प्रारंभ होता है। रात्रि के पश्चात दिन और दिन के पश्चात रात्रि होती है अथवा लय के बाद सृष्टि और सृष्टि के बाद लय होता है। इस प्रकार लय के बाद सृष्टि और फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के बाद वर्षचक्र की पुनरावृत्ति एक ही बात है। वर्षचक्र की पुनरावृत्ति के समय मुमुक्षु जीव परम तत्व शिव के पास पहुंचना चाहता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार कृष्ण चतुर्दशी में चंद्रमा सूर्य के समीप होते हैं। अतः उसी समय में जीवरूपी

चंद्रका शिवरूपी सूर्य के साथ योग होता है, अतएव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को शिव पूजा करने से जीव को इष्ट पदार्थ की प्राप्ति होती है।

शिवरात्रि-व्रत

अब यह समझना है कि शिवरात्रि-व्रत क्या है? इस व्रत में उपवास, जागरण और शिव-पूजा प्रधान हैं। इन सब का तात्विक अर्थ समझना चाहिए। इसके पहले 'व्रत' क्या है, यह समझना आवश्यक है। वैदिक साहित्य में व्रत का अर्थ वेदबोधित, इष्टप्रापक कर्म है। दार्शनिक काल में अभ्युदय और 'नि:श्रेयस' कर्मों का हेतु-पदार्थ ही 'व्रत' शब्द का अर्थ समझा जाता था। अमरकोष में 'व्रत' का अर्थ नियम है। पुराणों में व्रत 'धर्म' का वाचक है। निष्कर्ष यह है कि वेदबोधित अग्निहोत्रादि कर्म, शास्त्रविहित नियमादि अथवा साधारण तथा असाधारण धर्म को ही 'व्रत' कहते हैं अथवा थोड़े में यों समझिए कि जिस कर्म द्वारा भगवान का सान्निध्य होता है वही व्रत है।

क्षमा सत्यं दया दानं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
देवपूजाग्निहवनं संतोषः स्तेयवर्जनम्।
सर्वव्रतेष्वयं धर्मः सामान्यो दशधा स्थितः॥

(भविष्यपुराण)

अत: निश्चित हुआ कि व्रत ही समयानुसार साधारण तथा असाधारण धर्म का वाचक है जैसा कि ऊपर कहा गया है।

अब, यह देखना है कि उपवास क्या है? जीवात्मा का शिव के समीप वास ही 'उपवास' कहा जाता है।

उप-समीपे यो वासः जीवात्मपरमात्मनः।
उपवासः स विज्ञेयो न तु कायस्य शोषणम्॥

(वराहोपनिषत्)

अथवा—

उपावृत्तस्य पापेभ्यो यस्तु वासो गुणैः सह।
उपवासः स विज्ञेयः सर्वभोगविवर्जितः॥

(भविष्यपुराण)

देवीपुराण में कहा गया है—

'भगवान (शिव) का ध्यान, उनका जप, स्नान, भगवान की कथा का श्रवण आदि—इन गुणों के साथ वास अर्थात् इन क्रियाओं को करते हुए काल-यापन करना ही उपवासकर्त्ता का लक्षण है। व्रती के अंदर ये लक्षण अवश्य होने चाहिए। व्रती के लिए सब प्रकार के विषय-भोगों का वर्जन आवश्यक है। केवल अनशन से भी कुछ लाभ तो होता ही है। हां, यथेष्ट लाभ की प्राप्ति के लिए विधिपूर्वक क्रियाएं भी करनी चाहिएं। इस प्रकार 'व्रत' और 'उपवास' प्राय: एक ही चीज के दो नाम हैं।

जागरण—मुमुक्षु जीवात्मा के लिए 'जागरण' आवश्यक है—

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः॥

(गीता 2/69)

'सर्व प्राणियों की अर्थात् विषयासक्त संसारी जनों की जो निशा है उसमें संयमी जगे रहते हैं। आत्मदर्शन-विमुख प्राणिगण जिस जगदवस्था में जागते हैं मनीषी, आत्मदर्शननिरत योगी के लिए वह निशा है।' अत: सिद्ध है कि विषयासक्त जिसमें निद्रित हैं उसमें संयमी प्रबुद्ध हैं। अत: शिवरात्रि में जागरण करना आवश्यक है। शिवपूजा का अर्थ पुष्प-चन्दन-बिल्वपत्र अर्पित कर शिव नाम का जप-ध्यान करना एवं चित्तवृत्तिका निरोधकर जीवात्मा का परमात्मा 'शिव' के साथ योग करना है।

जीवात्मा का 'आवरणविक्षेप' हटाकर पर-तत्व 'शिव' के साथ एकीभूत होना ही वास्तविक 'शिव-पूजा' है। यही जीवन का ध्येय है। योगशास्त्र के शब्दों में इंद्रियों का प्रत्याहार, चित्तवृत्तिका निरोध और महाशिव-रात्रिव्रत वास्तव में एक ही पदार्थ हैं। पञ्च ज्ञानेंद्रियां, पञ्च कर्मेंद्रियां तथा मन, अहंकार, चित्त और बुद्धि-इन चतुर्दश का समुचित निरोध ही सची 'शिव-पूजा' या 'शिवरात्रि-व्रत' है। इसका निरोध कर्म, ज्ञान अथवा भक्ति के द्वारा हो सकता है—

श्रीगीता ने स्पष्ट कर दिया है कि—

लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम॥ (3/3)

चाहे शिव-पूजा ज्ञानयोग द्वारा कीजिए अथवा कर्मयोग द्वारा, भक्ति का सम्मिश्रण दोनों में रहेगा। ज्ञानप्रधान भक्ति अथवा कर्मप्रधान भक्ति द्वारा फाल्गुन-कृष्ण चतुर्दशी को शिवरात्रि-व्रत करने से मुक्ति मिलेगी।

शिवरात्रिव्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम्।
आचाण्डालमनुष्याणां भुक्तिमुक्तिप्रदायकम्॥

(ईशानसंहिता)

(शेष पृष्ठ 74 पर)

त्रिकदर्शन में भैरव

—प्रो. मखनलाल कुकिलू

श्रीनगर, कश्मीर में भानु मुहल्ला निवासी लेखक प्रो. कुकिलू शैवी क्रमसाधना में जुटे हुए पूर्वजों की थाती को संभाले शैवदर्शन के अध्ययन अध्यापन में संरत। अपने सद्‌गुरु ईश्वरस्वरूप लक्ष्मणजी महाराज के शिष्य व विगत चार दशकों से विशेष कृपापात्र। पारंपरिक पद्धति से प्राप्त संस्कृत भाषा व साहित्य के अध्येता होने के साथ-साथ हिंदी साहित्य के भी मर्मज्ञ। जम्मू-कश्मीर राज्य के कालेजों में हिंदी संस्कृत विभागों से साढ़े तीन दशकों तक संबद्ध। कश्मीर से विस्थापित होने के बाद दिल्ली में अपने सद्‌गुरु महाराज के अमूल्य सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने में दत्तचित्त। अपने विद्यार्थी जीवन में शैवशास्त्र मर्मज्ञ श्रद्धेय डा् बलजिन्नाथ पंडित के विशेष स्नेहपात्र। इस समय भी उनकी कृपा के अभिलाषी। संप्रति ईश्वराश्रम ट्रस्ट निशात श्रीनगर से प्रकाशित त्रैमासिक दार्शनिक पत्रिका 'मालिनी' के प्रधान संपादक। ईश्वराश्रम के तीनों शाखाओं श्रीनगर-जम्मू-दिल्ली की शैवशास्त्र अध्यापन संबंधी तथा प्रकाशन संबंधी गतिविधियों के साथ संबद्ध। शैवदर्शन संबंधी अनेक पुस्तकों के अनुवादक, संपादक व लेखक, जिनमें वातूलनाथसूत्र, पराप्रावेशिका, कश्मीर शैवदर्शन में यमनियम, अमृतेश्वर भैरव स्तुति, मांस खाना पापा है, शारिका चर्चा आदि प्रमुख हैं।

हमारी भारतीय संस्कृति का भव्य महल वेद, स्मृति, पुराण और आगम नामक चार स्तंभों पर चिरप्रतिष्ठित है। वेदों में वर्णित आचारों के पालने करने की व्यवस्था सत्ययुग के तपस्वी व यशस्वी ऋषियों और मुनियों में बहुप्रचलित थी। त्रेता युग में स्मृतियों में निर्दिष्ट आचारों को ही ग्राह्य माना गया। द्वापर युग में पुराणों में कहे गए आचारों का पालन अनुष्ठेय समझा गया। वर्तमान कलियुग में वेद, स्मृति और पुराणों के आचारों की अपेक्षा, मनुष्य की रुचि में बदलाव आने से, आगमों में प्रतिपादित आचारों को युगानुकूल व्याख्या से सजाकर इस युग के लिए अनुकूल माना गया। आज के वैज्ञानिक वातावरण में पले मानव के लिए वही आचार संहिता उपादेय है जो उसकी आकांक्षाओं व अभिलाषाओं के अनुरूप हो और जो दुर्गम जीवन पथ को सुकर बनाने में सहायक हो। आगम ग्रंथों में ऐसी ही आचार-संहिता का उल्लेख है जो आजकल के भोग प्रधान जीवन को मोक्ष प्रधान बनाने के लिए रामबाण है। सामाजिकता का पुट भी जितना आगमदर्शन में है उतना अन्यत्र नहीं।

आगम मुख्य रूप से तीन हैं। शैव-आगम, शाक्त-आगम और वैष्णव-आगम। इन आगमों का प्रादुर्भाव या विकास भैरव-भैरवी संवाद, शिव-पार्वती संवाद या गुरु-शिष्य संवाद के रूप में हुआ है। आगम की परिभाषा इस प्रकार है—'आ-ईषत्-अंशतो, गमः-बोधो यस्मात् स आगमः' अर्थात जो वेद-त्रयी के कर्म, उपासना का ही ज्ञान कराए वह आगम है। 'सर्वतंत्र सिद्धांत पदार्थ लक्षणसंग्रह' में आगम की व्याख्या इस प्रकार है—

आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजाश्रुतौ।
मतं च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते॥

अर्थात् परभैरव के मुखकमल से प्रकट होकर गिरिजा (पार्वती) के कानों में जाने से और वासुदेव का मत-निश्चय होने से आगम कहा जाता है। तात्पर्य यह है कि गिरिजा को परभैरव ने जो तंत्रशास्त्र का उपदेश दिया वही आगम है, एवं कहीं कहीं गिरिजा भैरवीरूपों में श्रोत्री बनती है तथा परभैरव वक्ता, तो कहीं कहीं परभैरव श्रोता बनते हैं और गिरिजा वक्त्री। वक्ता और श्रोता के भेद से इस तरह शैवागम और शाक्त आगम का आविर्भाव हुआ। शैवशास्त्र के केसरी कश्मीरवासी आचार्य अभिनव गुप्त भी इस विषय में कहते हैं कि 'आगमस्तु अनवच्छिन्न महेश्वर प्रकाश परमार्थ' अर्थात प्रत्यक्ष और अनुमान का प्रामाण्य अवच्छिन्न (संकुचित) है पर आगम का प्रामाण्य अनवच्छिन है, क्योंकि परप्रमाता की विमर्शशक्ति ही तो आगम है। अतः आगम स्वतंत्र है। त्रिकदर्शन के अनुसार 'आगम' के 'आ' से पाश, 'ग' से पशु, और 'म' से 'पति', अथवा 'आ' से शिवज्ञान, 'ग' से मोक्ष और 'म' से 'पति' अभिप्रेत है। इससे प्रत्येक वस्तु शासित और सुरक्षित होती है अतः इसे (आगम को) शास्त्र कहते हैं। यह आगम शास्त्र ज्ञान है। इसके द्वारा सब कुछ जाना जाता है। यह तंत्र है क्योंकि इसकी सहायता से प्रत्येक वस्तु सुरक्षित और स्थिरीकृत है अथवा तत्व और

मंत्र संबंधी ढेर सारे अर्थों का विस्तार करने से भी यह तंत्र है। मनुष्यों की रक्षा (त्राण) करने के हेतु भी यह तंत्र है। ये तंत्र द्वैत, द्वैताद्वैत तथा अद्वैत इन तीन भागों में प्रकट हुए हैं। द्वैत तंत्रों को शिवतंत्र, द्वैताद्वैत तंत्रों को रुद्रतंत्र और अद्वैत तंत्रों को भैरवतंत्र कहते हैं।

भेद प्रधान द्वैत तंत्रों की संख्या दस है, भेदाभेदप्रधान द्वैताद्वैत तंत्रों की संख्या अठारह है और अभेद प्रधान अद्वैत तंत्रों की संख्या चौंसठ है। कुल मिलाकर ये बयानवे तंत्र हैं। ईशान, तत्पुरुष, अघोर वामदेव और सघोजात ये स्वच्छन्द भैरव के पांचमुख हैं। इन्हीं पांच मुखों से बयानवे तंत्रों का प्रादुर्भाव हुआ है। ये ही पांच मुख स्वच्छन्दभैरव की चित्, आनंद, इच्छा, ज्ञान और क्रियारूप पांच शक्तियां हैं। अभेद प्रधान चौंसठ भैरवतंत्रों की उत्पत्ति, ईशान, तत्पुरुष आदि पांच मुखों का भैरवरूपता के साथ समावेश होने से हुई है। इनका आविर्भाव आठ अष्टकों (8X8=64) में हुआ है। ये आठ अष्टक आठ भिन्न-भिन्न भैरवों ने प्रवर्तन में लाए हैं। इनके नाम हैं—बहुरूपभैरव, यामलभैरव, चण्डभैरव, क्रोधभैरव, आसिताङ्गभैरव, रुरुभैरव, कपालेशभैरव और उन्मत्तभैरव।

इन सभी अष्टकतंत्रों को सादाशिवचक्र भी कहते हैं। बारीकी से देखा जाए तो उपरोक्त सभी बयानवे तंत्र 'त्रिकदर्शन' के मूलाधार हैं क्योंकि भेदरूपतंत्रों में नररूपता, भेदाभेद प्रधानतंत्रों में शक्तिरूपता और अभेदरूप तंत्रों में शिवरूपता का दिग्दर्शन किया गया है। त्रिकदर्शन की भी यही परिभाषा है कि 'नरशक्ति शिवात्मकं त्रिकम्' अर्थात् जिसमें नररूपता शक्तिरूपता और शिवरूपता का मेल हो वहीं 'त्रिक' है। कहा भी है कि—

दशाष्टादशवस्वष्टभिन्नं यत् शासनं विभोः।
तत्सारं त्रिकशास्त्रं।

अर्थात् दस, अठारह और चौंसठ तंत्रों में जो परमेश्वर-शास्त्र विभक्त हुआ है, उन सभी शास्त्रों का सार त्रिकशास्त्र है। त्रिकशास्त्र या त्रिकदर्शन का ही दूसरा नाम आचार्यों ने भैरव-शास्त्र रखा है। यह भैरव शास्त्र ज्ञान या विद्या, योग, चर्या, और क्रिया पाद से पूर्ण है।

अपने सद्‌गुरुमहाराज ईश्वरस्वरूप श्री लक्ष्मण जी से प्राप्त ज्ञान के आधार पर इन पांच मुखों का रहस्यात्मक विवरण इस प्रकार है—

श्री स्वच्छन्दभैरव का पहिला मुख 'ईशान' जो है वह ऊर्ध्वमुख है। शास्त्रों में निर्देश है कि 'ऊर्ध्व' प्रकाश का प्रतीक है क्योंकि उनका परमस्वरूप प्रकाश के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है, इसीलिए 'ईशान' सबसे ऊपर है। श्रीस्वच्छन्दभैरव का दूसरा मुख 'तत्पुरुष' नाम से प्रसिद्ध है। यह तत्पुरुषवक्त्र (मुख) पूर्वमुख है, क्योंकि पूर्व-दिशा में प्रकाशोन्मुखता सदा विद्यमान है।

श्री स्वच्छन्दभैरव का तीसरा मुख 'अघोर' है। यह अघोर (जो घोर भयानक नहीं है) वक्त्र दक्षिण दिशा में है। क्योंकि सब ओर फैले हुए प्रकाश की अनुकूलता दक्षिण दिशा में है। श्री स्वच्छन्दभैरव का चौथा मुख 'वामदेव' है। यह वामदेव वक्त्र उत्तर दिशा में है। 'सोमं मेयं प्रचक्षते' इस शास्त्र कथन के आधार पर मेयरूप सोम (चंद्रमा) का संबंध उत्तर दिशा से है और वामदेव वक्त्र भी मेयाभिमुखीन माना जाता है।

श्री स्वच्छन्दभैरव का पांचवा मुख 'सघोजात' है। यह सघोजात वक्त्र (मुख) प्रकाश विमुख रहने से पश्चिम दिशा की ओर स्थित है। स्वच्छनन्दभैरव के चित्र में चित्रित पांच मुखों का रहस्य इसी रूप में समझना चाहिए।

इसी प्रसंग में यहां यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि ईशान भैरव तुरीयातीत है तत्पुरुष तुर्य है अघोर भैरव संहार प्रधान है, वामदेव सृष्टि प्रधान और सघोजात स्थिति प्रधान है। स्वच्छन्द भैरव के पञ्चकृत्यों अनुग्रह, निग्रह, संहार, सृष्टि और स्थिति का संबंध भी इन्हीं पांच भैरवों से है। पंचभूतों पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश का संबंध भी स्वच्छन्द भैरव के इन्हीं पांचमुखों के साथ आरोह क्रम से समझना चाहिए अर्थात् ईशान का संबंध आकाश तत्व के साथ, तत्पुरुष का वायु, अघोर भैरव का तेज, वामदेव भैरव का जल और सघोजात भैरव का पृथ्वी तत्व के साथ समझना चाहिए।

इसी प्रकार साधक को अपने अंगों में भी स्वच्छन्द भैरव के इन्हीं पांच स्वरूपों का समावेश करना चाहिए। अर्थात् 'ईशान भैरव' को मूर्धा में (सिर में) तत्पुरुष को मुख में, अघोरभैरव को हृदय में वामदेव को गुह्य स्थान में, और सघोजात को सारे शरीर में। ईशान भैरव को मूर्धा (सिर) में समावेश करने का अभिप्राय यह है कि जैसे नर शरीर में मूर्धा का स्थान सर्वोपरि है, इसी प्रकार ईशानमूर्ति सर्वोपरि है। तत्पुरुष को मुख में अधिष्ठित होने का तात्पर्य यह है कि देव, नर आदि तत् तत् (उन उन) पुरुषों में अधिष्ठित होने

से यह जन्ममरण भय से रक्षा कर और ज्ञान व क्रिया आविर्भावक है। यही बात आचार्य उत्पलदेव ने ईश्वर सिद्धि ग्रंथ में कही है—

'व्यनक्ति ज्ञान क्रिये, त्रायते जन्मादि भयात् तत् तत्पुरुषवक्त्रम्।' अघोर को हृदयं में समावेश करने का तात्पर्य यह है कि हृदय का अर्थ बोध है। संवित् बोध (Supreme consciousness) जिससे हो, वही हृदय है। हृदय का 'हृदि अयोगमनं ज्ञानम्' अर्थ करने पर इसके अर्थ की सीमा का विस्तार होता है। यह अंत: स्पन्दन (Vibration) भी है और बहि:स्पंदन भी है। इन दोनों स्पंदनों का उत्पत्ति स्थान और विश्रान्ति स्थान संवित्भाव ही है। इसी को शैव शास्त्रों में हृदय का नाम दिया है। हृदय में 'हृत' विश्वोत्तीर्णता और 'अय' विश्वमयता का सूचक है। अत: **'अघोर-हृदयाय नम:'** कहकर अघोर भैरव की विश्वोत्तीर्णता और विश्वमयता की ओर संकेत है।

'वामदेवगुह्याय नम:' का तात्पर्य है कि 'वामदेव' का गुह्यस्थान (मूलाधार) में समावेश करके कुंडलिनी का उत्थान षट् चक्रभेदन द्वारा करना चाहिए। असंख्य जीवों के वासनाजाल भी अनेक प्रकार के हैं। इन्हीं वासनाओं के अनुसार कार्ममल से ग्रस्त प्राणी धर्म, अर्थ और काम के द्वारा अतिलुब्ध हेकर, इसी वामदेव भैरव से निचले-निचले प्रदेशों में धकेले जाते हैं। 'नीचे धकेलना' भी 'वाम' शब्द का एक अर्थ है। पर इनका यह वास्तविक रूप अज्ञानीजनों को 'गुह्य' रहता है अतएव इस प्रकार का मंत्रन्यास अर्थात् **'वामदेव गुह्याय'** नम: किया जाता है।

संतों योगियों और साधकों के समक्ष अपने-अपने भाव के अनुसार सौम्यमूर्ति स्वच्छन्दभैरव जब जब प्रकट होते हैं तो उस समय उनकी सघोजात मूर्ति का ही अंगों में समावेश होता है। अतएव **'सघोजात मूर्तये नम:'** का प्रयोग होता है।

सीमित ज्ञान वाले साधक प्राय: भैरव शब्द के सुनने से ही भयभीत होते हैं क्योंकि उन्हें भैरव शब्द की वास्तविकता का ज्ञान नहीं के बराबर होता है। हमारी कश्मीरी भाषा में भी यदि कहीं **'भैरव'** शब्द का प्रयोग होता है तो श्रोता के मन में किसी भयानक आकृतिधारी का बोध होता है। जैसे- **'भ'रव ह्यु'य छुख भासान'** भैरव जैसा दिखते हो। पर हमें अपने मन से इस भ्रांति को सर्वथा मिटाना चाहिए कि भैरव जैसा सौम्य मूर्ति से शोभित कोई संसार में नहीं। स्वच्छन्दतंत्र में भैरव की व्याख्या इस प्रकार की गई है—

नील हर्षादिभेदेन यत् बाह्याभ्यंतरं जगत्।
अहं इत्यामृशन पूर्णो भैरव: समुदाहृत:।।

अर्थात् आंख आदि बाहिरी इंद्रियों और मन बुद्धि अहंकारात्मक आंतरिक इंद्रियों से जो घर-पट आदि जगत के विभिन्न पदार्थों का तथा सुख, दु:ख, राग, मोह आदि का ज्ञान होता है, उसे अहं परामर्श में रंगने वाला अर्थात् नील जगत् घटा पटादि शिवरूप है और हर्ष-सुख दु:खादि रूप जगत् भी शिवरूप ही है इस समरसता को जतलाने वाला, भैरव नाम से पुकारा जाता है।

श्री रुद्रयामल तंत्र में भैरव को चौंसठ तंत्रों का समन्वित सौम्यरूप माना है और पराशक्ति भैरवी को उस सौम्य रूपधारी भैरव की वाहिका शक्ति माना है।

श्रीकुलार्णवतंत्र में कहा है कि भैरव अपनी सौम्यमूर्ति से हृदय की ग्रंथि को खोलता है, सारे संशयों को मिटाता है, तथा प्राचीन कर्मफल भोग को नष्ट करता है। आचार्य अभिनवगुप्त ने तंत्रालोक में 'भैरव' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लिखा है—

भीरूणामभयप्रदो भवभयाक्रन्दस्य हेतुस्ततो
हृद्याप्नि प्रथितश्च भीखरुचामीशोऽन्तकस्यान्तक:।
मीरं वायति य: स्वयोगिनिवहस्तस्य प्रभुर्भैरवो
विश्वस्मिन् भरणादि कृत् विजयते विज्ञानरूप: पर:॥

अर्थात् डरपोकों को भयरहित बनाने वाले, संसार के भय को दूर हटाने में कारणभूत, अपने भक्तों के हृदय में सदा रहने वाले, अपने अंगों की कांति और शब्द से भय उत्पन्न करने वाले, महाकाल को भी अंत करने वाले, सारे लोगों के स्वामी, कष्ट में पड़े हुए अपने उपासक योगियों के समूह की रक्षा करने वाले, विज्ञानस्वरूप भैरव पालनपोषण आदि कर्म करते हुए संसार में सर्वत्र विजयी हो रहे हैं।

वेदों में 'चित्' एवं 'आनंद' शब्दों द्वारा जिसके स्वरूप की ओर संकेत किया गया है, वही त्रिकदर्शन में भैरव नाम से पुकारा गया है। चिति, परा संवित् पराहन्ता आदि शब्दों से उसी के शुद्ध प्रकाश की ओर संकेत किया गया है। उसी को वेदों में रुद्र की संज्ञा दी गई है जिसका सौम्यरूप यह कहकर—**'या ते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपाप काशिनी।**
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि॥

स्पष्ट किया गया है। हे रुद्र देव! आपका जो कल्याणकारी अघोर अर्थात् सुंदर पुण्यफल को प्रकाशित करने वाला शरीर है उसी कल्याणकारी शरीर से मेरी ओर देखो।

परभैरव की दुर्धष ज्वाला से प्रकट बने हुए परभैरव के ही अंशभूत **श्री वटुक-भैरव**-जिसने कश्मीर वासियों की शिवरात्रि पूजा में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है और जिसके नाम से कश्मीर के सारे बच्चे, युवा और बूढ़े चिरपरिचित हैं, का ध्यान भी अतीव आकर्षक और मनोहर है। यह बाल-भैरव स्फटिकतुल्य है, घुंघराले बालों से इसका मुख सुंदर बना है, दिव्य नवमणियों से सुशोभित करधनी और पायलों से रमणीय बना है, प्रज्ज्वलित आकार वाला है, तीनों भुवनों में पूजनीय है, लाल वस्त्रों को धारण करने वाला और अपने कमल जैसे सुंदर छोटे-छोटे हाथों में त्रिशूल और दंड लिए हुए है। कैसी सौम्यमूर्ति इस भैरव की है कि मात्र पढ़ने से ही प्राणी मंत्रमुग्ध-सा होता है। इस वटुक-भैरव के सात्विक, राजस और तामस तीनों रूपों का वर्णन 'शारदातिलक' नामक तंत्र में विशद रूप से किया गया है। सात्विक रूप साधना से यह आयु, स्वास्थ्य और मोक्ष देने वाला है। राजस रूप साधना से यह धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि देता है। तामस रूप साधना से भूत ग्रहादि द्वारा शत्रु का शमन करता है। इस प्रकार तीनों रूपों में यह भैरव कल्याणकारी है। त्रिकदर्शन में वटुकभैरव को आचार्य अभिनवगुप्त ने अपान वायु की संज्ञा दी है। वे कहते हैं कि मैं उस अपाननाम वाले वटुक-भैरव को प्रणाम करता हूं जो अपने भक्तों की पीड़ा मिटाते हैं और जिसके प्रकाश विमर्शरूप दोनों चरणों की पूजा, सिद्ध पुरुषों ने, उत्तम वीरों ने और योगियों ने की है।

आचार्य अभिनव गुप्त ने अपने **'देहस्थ देवता चक्र'** नामक स्तोत्र में भैरव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि सारी इंद्रिय वृत्तियां अपने-अपने शब्द स्पर्श रूपादि भोगों से भैरव नाथ को हृदयकमल में सदा पूजती हैं, यहां तक कि ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी, चामुंडा, नारसिंही या महालक्ष्मी नामक आठ मातृका शक्तियां भी अपनी अपनी दिशाओं में विराजमान रह कर चिद्रूप आनंद भैरव की निरंतर अर्चना करती है। इस भैरव रूप अपने ही स्वरूप को प्रकट करने के लिए स्वरूपसंवित् के विमर्श में सदा उद्यत रहना चाहिए। कश्मीरवासी आचार्य दिवाकर भट्ट के सुपुत्र श्री भास्कर भट्ट रचित शिवसूत्रवार्तिक में उन्होंने भैरव शब्द की व्याख्या इस प्रकार की है—

भरणात् रमणादत्र वमनादपि चोच्यते।
अखण्डित निजाभास प्रथनात् अपि चिद्विभोः॥

अर्थात् 'भैरव' के तीन वर्षों में 'भ' 'र' 'व' में से 'भ' का तात्पर्य भरणात्—धारण करने से तथा पुष्टि करने से, 'र' का तात्पर्य है रमणात्—अंदर बाहिर आने से (सृष्टि-संहार से—त्रिदर्शन के अनुसार सृष्टि का अर्थ है अंदर विद्यमान जगत को बाहर लाना, संहार का अर्थ है बाहर दीखने वाले सारे जगत को फिर अंदर लेना) 'व' का अर्थ है—वमनात् अर्थात् वमन करने से भैरव की भैरवता है।

सारांश यह है कि अपनी परमेश्वरता के बहिर्मुख उन्मेष से भैरव संसार की रचना करता हुआ उसका वमन करता है, जगत को ठहराता हुआ उसका भरण करता है और सृष्टि संहार आदि के द्वारा अपनी पारमेश्वरी शक्ति के साथ तथा उसी के बहिर्मुखी विकास रूप इस जगत के साथ भी सदा रमण करता रहता है अतः वह भरण रमण और वमन करता हुआ 'भैरव' कहलाता है। शिवसूत्र में भी आचार्य वसुगुप्त ने कहा है कि **'उद्यमो भैरवः'** अर्थात् शाम्भवोपायरूप इच्छाशक्ति का तीव्र प्रयोगात्मक उद्यम (उद्योग) साधक की भैरवता को चमका देता है।

त्रिकदर्शन के अनुसार इस तरह परमेश्वर का बहिर्मुख उन्मेष भी भैरव है और साधक के द्वारा स्वरूप स्थिति की ओर किया गया इच्छाशक्ति का प्रयोग भी भैरव कहलाता है। त्रिकशास्त्र की क्रमशाखा के प्रवर्तक श्री शिवानंदनाथ ने लिखा है कि—**'भैरवरूपी कालः सृजति जगद् कारणादि कीटान्तम्'**

अर्थात् कालभी भैरव रूप को पाकर ब्रह्मा से लेकर कीट पर्यन्त (कीड़े-मकोड़े तक) सारे स्थावर जंगम संसार की उत्पत्ति करता है।

तंत्रालोक के प्रथम आह्निक में भैरव को द्वादशारमहाचक्र का नायक कहा है क्योंकि उसी भैरव की परा, परापरा, अपरा नामक तीन शक्तियां सृष्टि स्थिति, लय और तुर्यदशा में सर्वसर्वात्मकरूप से बारह प्रकार से प्रकाशित होती हैं। इस प्रकार त्रिक दर्शन ने मुक्त कंठ से भैरव की महानता की प्रशंसा की है। इसे संसार भीरुहितकृत् अर्थात् भय के कारण भूत संसार में अभय देकर कल्याण करने वाला, अथवा संसार से विमुखता प्रदान करने वाला कहा गया है। इसे सूर्यचंद्रादि नक्षत्रों को प्रेरित करने वाले काल के स्वरूप को निगलने वाला और समाधि निष्ठ योगियों का स्वामी भी कहा है।

अपनी छोटी-सी पुस्तिका 'पर्यन्त पञ्चाशिका' में

आचार्यपाद ने भैरव की व्याख्या करते हुए भैरव को त्रिकदर्शन का आराध्य माना है तथा अन्य देवताओं से थोड़ी मात्रा में उसे भिन्न कहा है। वह सद् असद् उभयरूप है। भैरवावस्था में कलाध्वा, तत्वाध्वा, भुवनाध्वा, वर्णाध्वा, पदाध्वा और मन्त्राध्वा नामक वाच्यवाचक रूप सृष्टि अपने अस्तित्व को उसी में समेटे हुई है। विमर्शशक्ति को, जो चैतन्य का ही रूप है, जिसमें इच्छा ज्ञान और क्रिया सम्मिलित है, इस भैरव का हृदय कहा गया है। कुछ भी उससे भिन्न नहीं माना जाता। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर वह अनाश्रित शिव से लेकर पृथ्वी तत्त्व तक प्रत्येक रूप में प्रकट होता है। निश्चय से यह समझना कि 'मैं भैरव हूं और सारा विश्व मेरा ही रूप है, मेरा ही विकास है। यह मुझसे इसी प्रकार अभिन्न है जिस प्रकार पावक से उसकी दाहिका शक्ति और भास्कर से उसकी प्रभाशक्ति अवियुक्त है। मैं ही प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय रूप में दिखता हूं। सारा शक्तिचक्र मेरा ही विस्तार है। मैं ही बंधन और मोक्ष के लिए जिम्मेवार हूं। मैं विश्वात्मक भी हूं और विश्वोत्तीर्ण भी हूं।'

त्रिकदर्शन में भैरव की मान्यता पर विंहगावलोकन करके मैं अपने सद्‌गुरु ईश्वरस्वरूप लक्ष्मणजी महाराज के उपदेशामृत का पान कराने के लिए संसार सागर से मुक्त होने वाले साधकों को निमंत्रित करता हूं कि वे रातदिन समाहित होके केवल उनके इस मूलमंत्र का ही मनन करें—

अतुलितमहिमोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम्
भैरवोऽहं शिवोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम्॥ ☐

(एफ-115, सरिता विहार, नई दिल्ली-110044)

(पृष्ठ 69 का शेष)

जो लोग शिव-भक्ति से प्रेरित होकर सच्चे पवित्र मन से अनशन व्रत कर परतत्व शिव की पूजा बिल्व-पत्र, दुग्ध, पुष्पादि से करते हैं उन्हें भी अपनी भक्ति के अनुसार फल मिलता है, क्योंकि वास्तव में महाशिवरात्रि-व्रत का उद्देश्य जीवात्मा का परमात्मा के साथ सहयोग ही है। अपनी-अपनी भक्ति के अनुसार समस्त भूमंडल के भावुकजन वैज्ञानिक महाशिवरात्रि-व्रत का अनुष्ठान कर सकते हैं। भगवान भूतनाथ की दया से उन्हें सिद्धि अवश्य मिलेगी।

हमने जान-बूझकर यह लिखा है कि समस्त प्राणियों के लिए महाशिवरात्रि-व्रत कल्याणकर है। अज्ञानवश एक व्याध ने महाशिवरात्रि-व्रत का अनुष्ठान किया था, जिससे शिव के गणों ने उसके लिए भी एक विमान भेजकर उसे शिवलोक में पहुंचा दिया। यम ने भगवान शिव के पास जाकर उस व्याध की इन शब्दों में शिकायत की—

निषादो जीवघाती च सर्वधर्मबहिष्कृतः।
न धर्मोऽप्यर्जितस्तेन निर्गतं यमशासनम्॥

आदि।

भगवान शिव ने यमदेव को उस व्याध की कहानी कह सुनाई कि कैसे उसने बिल्वपत्रद्वारा शिवलिंग की उपासना की और कैसे अनशन-व्रत द्वारा ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने यमदेव को आध्यात्मिक घटनाओं का तारतम्य भी समझा दिया। अस्तु।

महाशिवरात्रि-व्रत के अधिकारी आचाण्डाल समस्त प्राणी हैं, इसमें दो मत नहीं हो सकते।

यद्यपि यैज्ञानिक महाशिवरात्रि द्वारा ही यथेष्ट लाभ होगा जैसा कि ऊपर कहा गया है, तथापि अनशन द्वारा भक्तिपूर्ण शिव की बिल्वपत्र, पुष्प, चंदन, दुग्ध, दधिद्वारा पूजा से बहुत बड़ा आध्यात्मिक लाभ और सांसारिक अभ्युदय प्रारंभ में होगा।[3] हां, भक्ति खरी या अमायिक होनी चाहिए, बाजारू नहीं।

आज ईश्वर के नाम पर जगह-जगह झगड़े हो रहे हैं। शैव-पदार्थों की अवहेलना है। यद्यपि अनेक व्रतों तथा साधनों द्वारा शांति की चेष्टा की जा रही है तथापि शक्ति व्रत द्वारा ही इस ओर विशेष सफलता मिल सकती है। इन शब्द-पुष्पों को शिव के चरणों पर सादर समर्पित कर विनीत लेखक आशा करता है कि इनसे भावुकजन समुचित लाभ उठाकर सच्चे महाशिवरात्रि-व्रत द्वारा अपना तथा जगत का सच्चा कल्याण-संपादन करेंगे। 'ओम शम्।' ☐

(कल्याण 'शिवांक' 1933 ई. से साभार)

---

1. *देखिए डॉ. राधाकृष्णन्-कृत 'भारतीय दर्शन' प्रथम भाग (Indian Philosophy, Part I, pp. 488-89 by Dr. Radhakrishnan).*
2. *श्री माधवाचार्य ने स्वप्रणीत 'कालमाधव' में शिवरात्रि की यों व्याख्या की है—*
   'शिवस्य प्रिया रात्रिर्यस्मिन् व्रते अङ्गत्वेन विहिता तद्व्रतं शिवरात्र्याख्यम्।'
3. *इस लेख के लिखने में लेखक को परमाराध्य दर श्री श्रीभार्गवशिवरामकिङ्कर योगत्रयानन्दजी के उपदेशों से सहायता मिली है। अतः लेखक उनका कृतज्ञ है।*

कश्मीर शैव-दर्शन

—त्रिलोकीनाथ धर 'कुन्दन'

कश्मीर का शैव-दर्शन मूलतः अद्वैत दर्शन है जिसमें एक ऐसे सत्य की कल्पना की गई है जो अपरिवर्तनशील, अविभाजित, अनन्त, शाश्वत, काल स्थान एवं स्वरूप की परिधि से परे, सर्वव्यापक परंतु सर्वोपरि है। इसे चैतन्य, परासंविद्, परमेश्वर, शिव तथा परमशिव की संज्ञा दी गई है। इस दर्शन के अनुसार परम शिव के शक्ति रूप की साकार स्थिति ही सृष्टि है। दूसरे शब्दों में परम शिव 'मैं' है तथा सृष्टि 'यह' और जगत की संरचना 'मैं' से 'यह' तक की यही यात्रा है।

परम शिव की शक्ति 5 प्रकार की कही गई है—चित्त शक्ति, आनन्द शक्ति, इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति। यह सारा विश्व परमशिव के शक्ति रूप का विस्तार मात्र माना गया है। जहां उन्मेष से सृष्टि होती है और निमेष से प्रलय। इसी शक्ति स्वरूप से परम शिव का सर्व-व्यापकत्व संभव हो जाता है।

कश्मीर शैव दर्शन, जिसे त्रिक दर्शन के नाम से भी जाना जाता है, यह मानकर चलता है कि सारी सृष्टि 36 तत्वों का समूह है, जिनका संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है।

पहला वर्ग उन 5 भौतिक तत्वों का है जो सबसे स्थूल हैं और सत्य से सबसे दूर। इसमें पृथ्वी तत्व, स्थायत्व, जल तत्व द्रवत्ता के लिए, अग्नि तत्व स्वरूप के लिए, वायु अनिल के लिए तथा आकाश अवकाश की स्थिति के लिए सम्मिलित हैं। अगले वर्ग क्रम से परम सत्य के निकट होते चले जाते हैं। दूसरे वर्ग में 5 कर्मेन्द्रियां आती हैं, जिनमें उत्पादक उपस्थ, विसर्जक वायु, विहरण करने वाले पाद, आदान-प्रदान के लिए अस्त और वाचन के लिए वाणी ये 5 तत्व आते हैं।

तीसरा वर्ग 5 साध्य विषयों का है, जिनमें गंध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द आते हैं और इनको सामूहिक रूप में तन्मात्र कहा जाता है। चौथा वर्ग 5 ज्ञानेन्द्रियों का है जो विषय के साधन हैं। इनमें घ्राणेन्द्रिय नाक, रसेन्द्रिय जिह्वा, दर्शनेन्द्रिय नेत्र, स्पर्शेन्द्रिय त्वचा और श्रवणेन्द्रि कान आते हैं।

पांचवें वर्ग में 3 अंतःकरण—मन, अहंकार और बुद्धि शामिल है जो एक प्रकार से मस्तिष्क से सम्बंध रखते हैं। और आंतरिक इन्द्रिय कहलाती हैं। छठे वर्ग में दो तत्व—प्रकृति और पुरुष के आते हैं। इनमें प्रकृति वह सत्य है जो अनुभूति और संवेदना भी रखता है। यह परम शिव की सीमित अवस्था है जो कला, विद्या, राग, काल और नियति की सीमाओं में बंधा हुआ है। काल समय को दर्शाता है। नियति स्थान द्योतक, राग स्प्रह दर्शाता है। विधा सीमित ज्ञान तथा कला सीमित संरचनात्मक शक्ति तत्व है। ये पांचों वैयक्तिक सीमाएं पुरुष तत्व के ऊपर कंचुक की तरह आवरण डाले हुए हैं और इनके साथ-साथ इस सातवें वर्ग में एक छठा तत्व माया का भी है, जिसके कारण विस्मृति, विवेकहीनता और भेदभाव का वातावरण बन जाता है। यहां पर आकर शिव अपनी इच्छा से जीव भाव में प्रकट होकर शिव भाव को भुला बैठता है और फिर शिव भाव की खोज करने लगता है।

आठवें वर्ग में दो ऐसे तत्व हैं जिनकी परिकल्पना कदाचित् कश्मीर शैव-दर्शन को एक विशिष्ट देन है। ये दो तत्व हैं—शुद्ध विद्या तथा ऐश्वर्य। शुद्ध विद्या सार्वभौमिक अनुभवों का संबंध स्थापित करता है या यूं कहिए कि वह परिज्ञान का माध्यम है और ऐश्वर्य सार्वभौमिक अनुभवों का परिचयात्मक आंकलन है। भेद और अभेद को भी शुद्ध विद्या कहते हैं। इनमें 'मैं यह' तथा 'यह मैं' दोनों का आभास होता है।

चौतींसवे तत्व को इस दर्शन ने सदाशिव तत्व का नाम दिया है। इस तत्व से और इस तत्व में अस्तित्व बोध उत्पन्न होता है का मूल है और आगे चलकर जो कर्म करता है और पुरुष वह तत्व है जो अनुभव भी करता है और संवेदना और एक ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जहां आभास होता है 'मैं हूं' अर्थात् शुद्ध अद्वैत अभी भी बहुत दूर रह जाता है क्योंकि इस स्थिति में ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय तीनों का अस्तित्व होता है। एक ओर 35वां तत्व है जिसे शक्ति तत्व कहते हैं। यह वह शक्ति है जो जगत का बोध भी कराती है और जगत जैसा बोध भी कराती है। चूंकि कश्मीर शैव-दर्शन के अनुसार

(शेष पृष्ठ 81 पर)

शिव और शिवरात्रि

—पंडित मोतीलाल 'पुष्कर'

श्रद्धा! समाधान!! शांति:!!!

कश्मीरी पंडित समाज का सर्वाधिक प्रिय महोत्सव शिवरात्रि के नाम से प्रसिद्ध है। यह मूल रूप में प्रभु-भक्ति का एवं पूजा-अर्चना का अवसर है। इसे उसी गरिमा के साथ कश्मीर में सम्पन्न किया जाता है जिस गरिमा एवं श्रद्धाभक्ति के साथ जगदंबा महाशक्ति, महिमामयी श्री नवदुर्गा का पावन पर्व बंगाल में नौ दिन पर्यन्त मनाया जाता है। इस महोत्सव पर अवर्णनीय तथा दर्शनीय धार्मिक-भावना का ज्वार ठाठे मारता दिखाई पड़ता है। स्त्री-पुरुष, बाल-वृद्ध सब इस उत्सव में अत्यंत श्रद्धा से जुट जाते हैं। भगवान शिव की रात्रि, **शिवरात्रि पर्व** कहलाया जाता है।

शिव का स्वरूप

अजन्मा, अनादि, अनन्त, नित्य, शाश्वत, सनातन, अविनाशी, अमरेश्वर, महादेव, महेश्वर, देवाधिदेव, वृष-वाहन, वासुकिकंठ भूषण, शक्तिधर, अर्धनारीश्वर, गंगाधर, आद्यगुरु, जिनका डमरू नाद कला, विद्या, विज्ञान, वृत्ति आदि का जनक एवं प्रतीक है, त्रिलोचन, विभूति विभूषित, दिगंबर, व्याघ्रचर्म ही जिनका अंबर है। त्रिपुर-संहार-कारी, आशुतोष तीनों क्लेशों (अधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक) को हरने वाला प्रभुनील कंठ, ब्रह्मांड विध्वंसकारी हलाहल को पीकर जगत की रक्षा करने वाले, सूर्य चन्द्र एवं अग्निदेव जिनके तीन नेत्र हैं। जटाधारी त्रिलोकपति, ईशान, निर्वाणरूप, श्मशानवासी, सर्वव्यापक, निर्गुण, गम्भीर, समाधिस्थ, प्रभु और मृत्युंजय, शाशि शेखर और कामहन्ता रूपों से जाना जाता है।

इन विभूतियों से पूर्ण अखंड-ब्रह्मांड में व्याप्त इस प्रभु जी को प्राप्त करने एवं वरने के लिए नगाधिराज हिमालय की राजकन्या मां पार्वती ने अनुपम तपस्या की और प्रभु ने ब्रह्मचारी के रूप में प्रकट होकर इस अद्भुत तपस्या और इस महान लक्ष्य से दूर रहने के लिए उन्हें सावधान किया किन्तु पार्वती मां अपनी आस्था से न हटी, आखिर भगवान को इस तपस्या को स्वीकार कर माता पार्वती को वामांगरूप में स्वीकार करना पड़ा। इसी वटुकरूप भगवान शिव तथा उनके प्रकट और अव्यक्त रूपों की पूजा इस पर्व पर 13 दिन तक रची जाती है।

यह उत्सव फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। शिवशक्ति के पदार्पण तथा स्वागतार्चन के लिए सारे घर और परिसर को शुद्ध रखा जाता है परिवारजनों को पवित्रता के प्रति सजग तथा सावधान होना पड़ता है। घर के अन्दर-बाहर लेपन, वस्त्र प्रक्षालन, घर के सारे सामान की विधिवत् व्यवस्था करके वटुकदेव या वटुकराज के महोत्सव की शुरुआत की जाती है। इस अवसर पर शिवपरिवार तथा शिवगणों की मूर्ति-स्थापना घटों और नानारूप के पात्रों के रूप में की जाती है। कारण स्पष्ट है कि निराकारी जब साकार रूप धारण करता है तो देहधारी बनकर अभिव्यक्त होता है। देह का नाम ही घट है घट-घट वासी नित्य निरंजन प्रभु शिवजी के आगमन के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ होती है। सद्भक्त इन तेरह दिनों में लीलायें, भजन-कीर्तन गाते रहते हैं। कई भक्त कश्मीरी भाषा में रचित शिवलग्न गाना पसन्द करते हैं। 'शारिका लहरी' में प्राप्त देवी के गीत गाने का भी क्रम है। बालक-बालिकाओं के कोमल मन पर शिवभक्ति अंकित करने का यह समुचित अवसर है।

होरा अष्टमी

फाल्गुन कृष्ण अष्टमी के दिन जगदंबा अनुग्रहकारिणी श्री शारिका देवी के परिसर यानी देवी आंगन में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर पंडितजन जगराता मनाते हैं और मां पार्वती का स्मरण करते हैं। यहीं शारिका मंदिर में मां शारिका 'भवानी' के रूप में विराजमान है। 'भवानी सहस्रनाम-स्तोत्र' में शारिका देवी को हिमालय की राजकन्या, दक्षपुत्री सती तथा मैनाकभगिनी कहा है। नेपाल से लेकर कश्मीर तक व्याप्त हिमालय शिव-परिसर ही है।

इस निर्वासन अवधि में भी कश्मीरी हिन्दू स्थानीय मंदिरों में यह उत्सव उसी चाव और वैभव से मनाते हैं। धर्म प्रेमी पंडित जनों ने इस निर्वासन अवधि में भी कई आश्रमों तथा शिवमंदिरों का निर्माण किया है। स्तोत्रग्रंथ खरीदकर कश्मीर

क्रम को सजीव रखने का प्रयास किया जाता है। आज भी कश्मीरी समाज जम्मू, दिल्ली, देश-विदेश में हर महीने अष्टमियों को मनाने के लिए देवी मां का व्रत पूरी धार्मिक भावना से पालता है। होरा का अर्थ है an auspicious hour. यह शिव शक्ति पूजा का शुभ अवसर गिना जाता है।

धनदशमी अर्थ प्रधानता

यह दिन फाल्गुन कृष्ण दशमी को मनाया जाता है। पारसी भाषा प्रचलन तथा विदेशी शासन के प्रभाव के कारण इस धन दशमी को दीनार दशमी या **दयार दहम** कहा जाने लगा। यह दिन धन की महिमा को ध्यान में रखकर मनाया जाता है। इस शिवरात्रि उत्सव का संबंध धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साथ पूरी तरह जुड़ा है। यह चार बातें पंडित जीवन जीने के लिए निर्धारित किया हुआ जीवनोद्देश्य है। इसे अंग्रेजी में four fold aim of the pandits life कहा जाता है। इस दिन विवाहित बेटियां अपने-अपने ससुराल जाती हैं। उन्हें शुभशकुन के नाते कांगड़ी, वस्त्र, पादत्राण आदि भेंट किए जाते हैं। शिवरात्रि पर गृहखेल (Indoor Games) भी खेले जाते हैं। इसमें घर के छोटे-बड़े सभी भाग लेते हैं। खेल में कभी हार तो कभी जीत का मुख देखना पड़ता है। जो माया का असली रूप है "**माया महाठगिनी मैं जानी। तिरगुन फांस लिए कर डोले बोले मधुरै बाणी**"—संत कबीरदास। माया का अर्थ ही है—अस्थिरता, यह प्रभु का विचित्र खेल है। यह सबको खेलना पड़ता है।

गाढ एकादशी-काम प्रधानता

इस दिन परिवार में मछली-भोजन पकाया जाता है। यह काम यानी तृतीया पुरुषार्थ का सूचक है। सांसरिक जीव की दृढ़ता तथा स्थिरता के लिए मत्स्य शुभसूचक है। जल की मीन का जैसा जीवन संसार के जीव का जीवन है। पानी में रहकर भी मछली प्यासी रहती है जब तक उसकी प्यास बुझती नहीं है तृप्त नहीं होती है। कामनाओं से सांसरिक जीव को हटाया जाए तो वही बेचैनी हो जाती है जो मछली की दशा पानी से बाहर निकालने पर होती है। मछली की चंचलता मन की अस्थिरता या विषमभोगों की अतृप्ति एक ही तथ्य की द्योतक हैं। शास्त्रों में कामदेव का ध्वज या प्रतीक मछली कहा गया है। "**प्रद्युम्नो मीनकेतनः कामः पंचशरः स्मृतः**" यह संस्कृत में कहा गया है। पानी संसार है। इसमें व्यस्त मानव मीन है।

वागुरा द्वादशी-त्रिगुण प्रधानता

इस द्वादशी के दिन वैदिक कलश की स्थापना होती है। इस दिन वैदिक देवी देवताओं को पूजा जाता है। इस कलश के लिए यंत्र की रेखा रचना या यंत्र स्वरूप देवी देवताओं की रचना डाली जाती है। यह पूर्णरूप से जाल का रूप धारण करती है। इसमें उन सभी देवी-देवताओं की स्थापना होती है जिनका स्मरण नैवेद्य मंत्र के पठन समय पर हम करते हैं। यह मंत्र जन्त्री में लिखा होता है। हम भी एक षट्कोण और उसके ऊपर अष्ठदल कमल बनाएं और वेदमंत्र पढ़कर उस पर पुष्प और अक्षत डालें। यह चित्र संक्षिप्त रूप में इस लेख के अंत में अंकित है। यही कलश-पूजन होगा। वेदों के बारे में श्रीगीता में कहा गया है—"**त्रैगुण्य विषया वेदाः**" अध्याय 2 का 45वां श्लोक यानी वेदों की सीमा रेखा धर्म अर्थ एवं काम तथा सीमित है। वे तीन गुणों के स्वरूप या सृष्टि, स्थिति, संहार ही परिधि में आते हैं। इस वैदिक कलश या कलश वागुर का माया जगत तक सीमित रहने के कारण मोक्षकामी सिद्ध इसे वागुर या बन्धन स्थिति मानते हैं भवानी-नाम सहस्र में आया है। "**वागुरा बंधरूपा च।**" मां त्रिगुणमयी प्रकृति देवी बन्धन में बांधने वाली है। जगदंबा संसार बसाने की प्रेरणा देने वाली है। वेद की विषयवस्तु बुद्धितत्व प्रधान है। बुद्धि को प्रेरणा देने वाला कोई और है। वही शिव कहलाता है। "**धियो यो नः प्रचोदयात्**" यानी जो हमारी बुद्धि को प्रेरणा देता है वही शिव है। उस प्रभु को तेरह संख्या से प्रकट या अभिव्यक्त किया गया है।

तेरह की संख्या

दस इन्द्रियां, एक मन, एक बुद्धि मिलाकर वैदिक बारह या त्रिगुण रूप बनता है। इनसे परे जो तत्व है वह तेरह या शिव तत्व कहा जाता है। इस तथ्य को श्री गीता में यों कहा गया है—

"इन्द्रियाणि पराण्याहुः इन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिः यस्तु बुद्धेः परस्तु सः" 4/42

अर्थात् दस इन्द्रियों से परे एक मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से परे जो तत्व हैं वही वह अनाम, अरूप प्रभु, समग्ररूप शिव है।

इसी बात को मां लल्लेश्वरी ने इन शब्दों में व्यक्त किया है—

''साऽरिय समहॅव कुन्य रज़ि लमहऽव।

अद क्याज़ि राविहे काहन गांव।''

ग्यारह तक भटकाव सदा रहता है। यह परिधि एवं स्वभावसीमा है दस इन्द्रियों और एक मन की, जब सब इन्द्रियां एवं मन एकजुट होकर काम करने लग जाएंगे तो बुद्धि का आविर्भाव होता है। बुद्धि के लिए 'गाय' शब्द आया है। इसकी गति या पहुंच दूर-दूर तक है अत: गौ नाम पड़ा है फिर प्रभु प्रकाश दूर नहीं।

इसी बात को ताश के खेल से समझाया जा सकता है। दस इन्द्रियों के ऊपर गुलाम यानी बेचारा बेबस मन। उस पर रानी बुद्धि किन्तु उसका भी मालिक सम्राट या शाह या प्रभु सर्वशक्तिशाली जो सबसे बड़ा है वही तेरह संख्या का प्रतीक है। वही प्रतीक प्रभु शिव का रूप है।

*(**नोट :** यह ताश का खेल भारतीय खेल है। पांच सौ वर्ष पूर्व ताश या बावन पत्ते ब्रितानवी म्यूजियम में सुरक्षित है।)*

इसी आधार पर त्रयोदशी को शिवरात्रि मनाने का क्रम है। इस दिन घर-घर वटुकदेव की तथा शिवपरिवार की पूजा होती है। वटुक-तपस्वी, जटाजूट विभूषित ब्रह्मचारी परम पिता परमात्मदेव का मायातीत रूप है। इसके अतिरिक्त रमण जी या रामघट की अर्चना होती है। रमण से अभिप्राय शिवजी के रमणशील रूप से है जो त्रिगुणसहित है। यह सारे भोगों को भोगने वाला है। दूसरे देवों में भैरव रूप तेज तथा चंड गिने जाते हैं। शक्तियों के भी अनेकानेक रूप कई लघु पात्रों के रूप में विराजे रहते हैं। ऋषिडोल या सप्त ऋषियों के लिए एक बड़ा पात्र रखा जाता है जिसका मुख फैला होता है। ऋषि गण सदा ज्ञानदान करते रहते हैं अत: यहां डोल का उद्घाटित मुख उसी दान को बता देता है। मां श्री शारिका के प्रांगण में महागणेश जी के बाद ऋषि भूमि है जहां ऋषियों की पूजा होती है। ऋषियों ने वैदिक ज्ञान हमें प्रदान किया है। सप्तऋषियों का ऋण चुकाने के लिए आवश्यक है कि हम भी ज्ञान प्रदान करें।

सन्यपुतल

यह पार्थिवेश्वर का सनी मिट्टी का शिवलिंग है। यह अन्दर-अन्दर खाली होता है। अत: कई महानुभाव इसे शून्यपुतल भी गिनते हैं। यह पृथ्वी तत्व से शून्यतत्व तक सर्वव्यापक जगदीश्वर का स्वरूप है।

शिवगणों, इन सभी शिव परिवार के सदस्यों तथा शिवगणों की पूजा षोडशोपचार विधि से होती है, षोडशोपचार आलत या स्वागत वटुकदेव का आवश्यक है।

1. स्नान, 2. आसन, 3. आवाहन, 4. पाद्य, 5. अर्घ्य, 6. आचमन, 7. दीपार्पण, 8. पुष्पार्चना, 9. आरती, 10. चामर छत्र भेंट, 11. वस्त्रार्पण, 12. तांबूल, 13. दक्षिणा, 14. क्षमा प्रार्थना, 15. परिमार्जन, 16. प्रसाद वितरण। तिलक, मौली-बांधना तथा पुष्पमाला अर्पण करना न भूलें।

यह अति प्राचीन महोत्सव है अत: इसमें सभी पद्धतियां एवं क्रम सम्मिलित किए गए हैं। इनमें वैदिक कलश, वैदिक होम, संक्षिप्त श्राद्ध या पितृ पूजा भैरव अर्चना, तांत्रिक क्रम या शाक्त पूजा, अद्वैत शैवसाधना, यंत्र साधना आदि क्रम जुटते गए। इसका कारण इस दिन की महिमा है। कश्मीरी पंडित समाज का इस उत्सव के प्रति अति अधिक झुकाव तथा लगाव है।

*(**नोट :** कलश, वटुक, रमणघट एवं मचवारियों में स्नान के बाद सबसे पहले अखरोट डालें। पांच देवों के नाम यानी वासुदेव नारायण, शिव, महागणेश एवं कुमार जी, सूर्य देवता एवं जगदंबा के नामों की 73 आहुतियां स्वाहा के साथ होम करें। इसी प्रकार अपने पितरों का नाम लेकर अन्नकण धरती पर कुश या पुष्पों के आसन पर रखें, यही संक्षिप्त श्राद्ध है।)*

जन्त्री से देखकर नाम आहुतियां उच्चारें

बेलपत्र, बबॅर पूजा सामग्री रिकाठ (बर्बरलता) अक्षत, पुष्प, दूध, दही, घी, कन्द, सूखेफल कपूर, कंटघ्न, धूप, दीप, रत्नदीप, नबात, बेरफल एवं तिल, सिंदूर, सर्वोषधि, प्रसाद के रूप में अन्न, सब्जियां, आटे की रोटियां गिनी जा सकती हैं।

*(**नोट :** वटुकदेव के लिए दूध और शकर डलियां या कन्द अर्पण करने का विधान है। शेष पात्रों के लिए अन्नादि अर्पण करें।)*

यह दिन मोक्ष प्राप्ति या गुणातीत अवस्था प्राप्ति के लिए किया गया संकल्प दिवस है।

वटुकदेव तथा शास्त्र

आध्यात्मिक तथा भौतिक जगत में व्याप्त बालक रूप पावनदेहधारी चिदानन्दरस से परिपूर्ण भगवान शिव का ब्रह्मचारी स्वरूप ही वटुकदेव है। यह पूजा रात्रि के प्रारंभ

में (प्रदोषकाल में) शुरू की जाती है। यह तांडवनृत्य का अवसर है। प्रभु दोनों भुजाओं को उठा उठाकर तांडव कर रहा है। उनके पाद ताल एवं लय के साथ पृथ्वी पर आघात कर रहे हैं। शिवजी का वटुकरूप पंचमुखी है। पांचमुख चारखेदों और एक अक्षर-प्रभु के प्रतीक है। वह देवाधिदेव महादेव करोड़ों सूर्यों के समान प्रदीप्त है। यह श्लोक पढ़ या संकल्प धारण कर बबरिकाठ वटुकराज को अर्पण किया जाता है। यह लता कुंडलिनी शक्ति की प्रतीक है जिसका स्वरूप स्वयं परात्मदेव वटुकराज है।

शाक्त परंपरा

इस परंपरा के अनुयायी भगवान शिव को देवी मां का सुपुत्र मानते हैं। वे भक्त श्री कृष्ण जी की भी महिमा देवकी पुत्र के नाते आंकते हैं। इसी शाक्त परंपरा में मांस, मत्स्य, मदिरा, मुद्रा (चावल रोटी) और सृष्टि संबंधी क्रिया या पंचम-मकार भी इस पर्व में सम्मिलित है।

शाकाहारी जन शुद्ध सात्विक प्रसाद ही प्रभु को भेंट करते हैं। यह शाकाहारी प्रसाद अद्‌भुत पाककला का विशिष्टरूप होता है। जो वर्ष में केवल इसी एक पर्व पर तैयार किया जाता है। काफी पैसे व्यय करके अनेकानेक व्यंजन पकाए जाते हैं। संभवत: ये तीस से अधिक होते हैं। इन सिलोनों के नाम तक आम पंडित जन नहीं जानते हैं। इन शाकाहारी शिव भक्त पंडितों को गुरिट या महिमाशाली गुरुत्व से परिपूर्ण पंडित गिना जाता है। कई शाकाहारी एक विशेष पेय पदार्थ भी भेंट चढ़ाते हैं। इसे 'पानक' या बीसियों प्रकार की जड़ी बूटियों, सूखे फलों का बनाया हुआ पर्वपेय कहा जाता है जो वैदिककाल के सोम रस की महिमा की याद दिलाता है।

कही शाकाहारी शाक्तजन सपृसस्यों को नई हांडी में उबाल कर भैरव बलि देते हैं। ये शाकाहारी शाक्त भट्ट-भट्टिनी, कठ-कठी के रूपाकर (चावल के आटे के) बनाकर भेंट चढ़ाते हैं। इस शिवरात्रि पर्व पर देवी मां की स्मरण इन पावन नामों से की जाती है ''काल रात्री, तालरात्री, राज्ञीरात्री तेरी जय जय हो।'' ये 3 रात्रि शब्द जगदंबा के ही नाम एवं स्वरूप हैं। अन्य देवताओं के नाम **ऊँ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र-वटुकनाथाय, तेजाय चंडाय नमो नम:** के रूप में स्मरण किए जाते हैं। धूपदीप पाद्य अर्घ्य, आरती आदि में ये नाम पुकारकर भेंट करना नियम है।

(नोट : अपनी कुलरीति के अनुसार यह उत्सव मनाना अनुकूल है। 'प्रसाद' शाकाहारी या सामिष अपनी रीति-नीति के अनुसार अर्पण करने का विधान शास्त्र-संमत है।)

अखरोट इस दिन का प्रमुख प्रसाद है जो अमावस्या के दिन वटुकदेव से प्राप्त कर नैवेद्य के रूप में चावल रोटी के साथ खाए जाते हैं। फाल्गुन शुक्र प्रतिपदा से अखरोट का प्रसाद मुहल्ले वालों, रिश्तेदारों, विदेशस्थ परिवारजनों, गृहस्थ परिवार जनों को सप्रेम भेंट किया जाता है। इस प्रसाद के साथ शिवरात्रि पूजा का तिलक एवं मौली अर्पण किए जाते हैं।

(नोट : ''अखरोट की चार गिरियां 1. धर्म, 2. अर्थ, 3. काम, 4. मोक्ष की एक ही वटुकदेव से प्राप्त करने की शुभ भेंट है। यह इस महान पर्व का सर्वोत्कृष्ट प्रसाद है।'')

शिवशक्ति धारा

कश्मीर के मनीषियों अद्वैत शिव भक्तों, सिद्धों ने इस महोत्सव की महिमा गाई है। यहां मैं परमाचार्य, परमशैव आचार्य अभिनव के गुरुदेव उत्पलदेव जी की शिवस्तोत्रवली से एक श्लोक का भाव उद्धृतकर इस महोत्सव की गरिमा को स्पष्ट करना उपयुक्त समझता हूं।

जब यह देदीप्यमान भगवान भास्कर हारकर कहीं खो जाता है यह चन्द्रमा, ये ग्रह, यह तारामंडल कहीं छिप जाते अस्तित्व हीन हो जाते हैं और बस वहीं एक कल्याणकारिणी, शिवमयी रात्रि, सर्वव्यापिनी हो जाती है तब जो अनन्त प्रकाश छा जाता है और प्रभु का साक्षात्कार उसके प्रिय भक्तों को व्याप्त कर सच्चिदानंद अवस्था में पहुंचा देता है वही शिवरात्रि पर्व है। यह शुभ रात्रि सदा जय-शालिनी एवं मोक्षदायिनी है। इस महारात्रि में सब एक ही रंग में लय एवं लीन हो जाते हैं।

पठानों के दौर में एक शिव भक्तों पठान को अनन्य शिव भक्ति के फल स्वरूप भगवान विश्वनाथ, सर्वान्तरयामी शिव का तथा मां जगदीश्वरी पार्वती का अनुग्रह प्राप्त हुआ तो साक्षात्कार के इस क्षण को उसने फारसी कविता में इस प्रकार गाया गया है—

''शबशाहे कि मनदीदम, हुमा-महेश्वर बूद।''

अर्थात् इस परम शिव की रात्रि में मैंने अनुग्रह प्राप्त किया। मैंने भगवान शिव और जगदंबा उमा को इन्हीं नेत्रों से देखा। ऊपर दी हुई उस भक्तयुद्रेक पूर्ण कविता का यहां

एक अंश दर्ज किया है। कविता लंबी एवं बढ़िया है। प्रभु जी के दीवाने क्या कहें! उन्हें तो शिवमय होने का परमलक्ष्य इस पावन पर्व पर प्राप्त करने में सफलता मिली है।

जब जबार खां का अभिमान भंग हुआ

पठान दौर के अंतिम गवर्नर जबार खां ने इस उत्सव की महिमा को फीका साबित करने के लिए शाही फरमान निकाला था कि शिवरात्रि का हिमालय पर्व बस आषाढ़ में मनाना होगा तो पंडित जनता ने प्राणरक्षा के लिए आषाढ़ में ही यह महोत्सव रचाया। आषाढ़ हिमषाढ़ में बदल गया। हिमपात हुआ। गवर्नर हार गया। उस पर फबतियां कसी गई। इनमें आजतक यह उक्ति प्रचलित है—

''जबारजन्दॅ हारसति कोरुन वन्दॅ'' अर्थात् जबार ने आषाढ़ को हिमऋतु में बदल दिया। यह जबार असल में तुच्छ व्यक्ति है। इसकी मूर्खता के कारण कश्मीरी प्रजा को गर्मवस्त्र ढूंढकर ग्रीष्म में पहनने पड़े। यह कष्टदायक है।

*(**नोट :** इस दिन विशेषकर शिवपंचाक्षरी का जाप हम आवश्यक करें। हर घर, हर परिवार का प्रत्येक सदस्य शुद्ध भाव से, पवित्रता से, व्यक्तिगत रूप में या सामूहिक रूप से साकार या निराकर, शिवजी की मानसिक या मौखिक उपासना जरूर करें।)*

सलाम—इस पर्व की महिमा का प्रभाव देखिए, धर्मान्तरण के लिए विवश किए गए पंडितजन मुसलमान बनने के बाद भी अपने गांव और मुहल्लों के पंडित-पड़ोसियों के घर पधारकर इस दिन बधाई देते थे। इस दिन वे मांगकर प्रसाद हासिल करते थे। इस पर्व के बाद दूसरे दिन को इसी कारण 'सलाम' का दिन, प्रसन्नता का दिन, मेल-मिलाप का दिन, भाई-चारे का दिन गिना जाता है। शिवजी की महिमा सबके लिए है। उसके द्वार से कोई भी बन्दा निराश होकर नहीं निकलता है।

कश्मीर की एक धरा, यह हिमालय क्षेत्र यह कैलासधाम की छत्रछाया में पलने वाली शारदा भूमि सत्यमेव स्वामी अमरनाथ की निवास-भूमि है। यहां हरेश्वर, शूरेश्वर, महादेव नाम से तीन प्रसिद्ध शिवधाम राजधानी श्रीनगर के पूर्व में है। यहां की प्राकृतिक तपोभूमियां शिवजी के नाम के साथ जुड़ी हैं। ऐसी ही तपोभूमि ध्यानेश्वर बांडीपुर में गुरेश यानी गौरीशधाम के पास में, कपाल मोचन शुपयान में एवं अन्याय क्षेत्रों में अपनी कृपा दृष्टि से भक्तों का भयहरण करती हुई उन्हें मुक्ति-मार्ग की ओर अग्रसर करती हैं। यहां का संस्कृत साहित्य ऐसी अनेक विभूतियों का उल्लेख करता है। इन्हीं में आचार्य सोमानन्द, आचार्य उत्पलदेव, आचार्य अभिनवगुप्त आदि हैं। जगद्धरभट्ट की अद्‌भुत रचना शिवस्त्रोत्रावली भक्तिरस की खान है। आज के युग में भी स्वामी राम, स्वामी विद्याधर, स्वामी लक्ष्मण जी जैसे अवतारी शैवदर्शन के अद्‌भुत ज्ञाता एवं व्याख्यता इसी भूमि के रत्न हुए हैं। ऐसे अवतारी पुरुष इस भूमि की गरिमा को उजागर करते हैं। भगवान गोपीनाथ जी महाराज शिव के ही अवतार गिने जाते हैं, जिन्होंने इस कलिकाल में भी धर्म, मर्यादा एवं सिद्धपरंपरा को पुनर्जीवित किया है।

इस शिवरात्रि के पावन पर्व की प्रथा यह भी रही है कि घर के, परिवार के सभी सदस्य अपने काम धंधे से से फुर्सत लेकर पूजाओं में सम्मिलित होने के लिए अवश्यमेव घर पधारते हैं। घर पर उपस्थित होना सौभाग्य फलदायी गिना जाता है। इस प्रकार अर्चना में भाग लेकर हम वास्तविक रूप में परिवार की दृढ़ता के कारण बनते हैं।

हम परस्पर सहयोग करके निज रक्षा स्वयं करें, मिल-बैठकर खायें, बलशाली बनें, तेजस्वी बनें, द्वेष से दूर रहें, वेद की इसी भावना का सफल तथा सार्थक उदाहरण यश शिवरात्रि पर्व है। इस अवसर पर विभाजन और मनमुटाव को भूलकर परस्पर-प्रेम का परिचय दें। पिता-पुत्र, भाई-बंधु, सास-बहू, नाते-रिश्ते के जनों से हुई पुरानी शत्रुता भूलकर फिर गले लग जाएं। हम इस सामाजिक भावना के लिए स्वयं पहल करें।

इस पूजा-अर्चना में

(क) भवानी सहस्रनाम (ख) पंचस्तवी (ग) महिम्न स्तोत्र का सस्वर सम्मिलित पाठ करके आशीर्वाद के हम पात्र बनें (घ) 'ओम् जय जगदीश हरे' की लोकप्रिय आरती उतारें शिवजी की, शिव परिवार की।

दूध, दीप, अगरबत्ती, रत्नदीप, कर्पूर, कंटघ्न को प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि प्रभुजी को अर्पण करें। चामर, छत्र, पुष्पांजलि की भेंट वटुकदेव को समर्पित करें। एक-दूसरे को तिलक और मौली प्रदान करें। नैवेद्य-मंत्र पढ़कर प्रभु चरणों में श्रद्धा-भक्ति से भेंट अर्पण करें। यही सब शिव जी को रिझाने का ढंग है। अभिनव गुप्ताचार्य की शिव स्तुतियां गाएं।

(नोट : शुद्ध पाठ के लिए टेपों का प्रयोग करें। 'शिवरात्रि पूजा' नामक पुस्तक का सहारा लेकर पूजा क्रम सफलता से करें।)

इन सभी बातों की आवश्यकता इस दृष्टि से अपेक्षित है कि यह योगसिद्धि का दिन है। इस क्षण सारे विरोधी तत्व वैर प्रकृति भूलकर शांत हो जाते हैं।

इस पुनीत अवसर पर कश्मीरी भाषा के, हिन्दी भाषा के मनोहर भक्ति संगीत को मिलकर गाना ठीक है। (क) **'बेल तय मादल व्येन गुलाब पंपोश दस्तय पूज़ायि लागस परम शिवस शिवनाथत्स तअय'** तिब्बत बकाल जी की गाई यह कविता लय के साथ गाना उपयुक्त होगा (ख) संत तुलसीदास जी रचित मानस में दर्ज शिव स्तुति— **''नमामीशं ईशाननिर्वाणरूपं/विभुं व्यापकं ब्रह्म वेदस्वरूपम्''** को कौन शिव भक्त गाना पसंद नहीं करेगा। (ग) **'नागेन्द्र हाराय'** नामक शिवपंचाक्षरी के श्लोकों को अवश्य मिलकर गाएं। शंकाराचार्य रचित (घ) **चिदानंद रूप शिवोऽहम्** इस दिन की विशेष स्तुति है। इस दिन प्रात: काल शिव मंदिरों में पहुंचकर शिवजी पर बिलपत्र सहित जल चढ़ाएं। इस शुभ मुहूर्त पर 'हनुमान चालीसा' अवश्य पढ़ें। हनुमान जी शिव स्वरूप हैं।

(नोट : हर प्रकार की पूजा के लिए देश-काल का स्मरण किया जाता है। आज के लिए निम्नांकित संकल्प को दुहराकर पूजा करें— ''अद्य तावत् तिथौ अद्य, ब्रह्मणो द्वितीय परार्धे, अष्टाविंशततमे कलियुगे, श्री श्वेत वाराहकल्प वैवस्वत मन्वन्तरे, कलौ बुद्धावतारे कले: प्रथमे चरणे अत्र जंबुद्वीपे आर्यावर्ते। यमुना नदी तटे फाल्गुन मासस्य कृष्ण पक्षस्य तिथौ द्वादश्यां परत: त्रयोदश्यां गुरु वारसमन्वितायां अहं शिवरात्रि-पूजनं करष्ये ॐ कुरु।'')

भगवान गोपीनाथ जी महाराज हम सब भक्तों को अनुगृहीत करें। सबका कल्याण हो। सर्वे भवन्तु सुखिन:।

ॐ शांति:! शांति:!! शांति:!!!

(नोट : घंटा एवं शंखनाद न भूलें, हिम स्नान और आरती के समय।)

(सौजन्य : भगवान गोपीनाथ जी आश्रम, पंपोश एन्क्लेव, नई दिल्ली)

(पृष्ठ 75 का शेष)

परम शिव या परम सत्ता कहिए शुद्ध प्रकाश स्वरूप है और जगत उसका विमर्श, प्रकाश से विमर्श में परिणत करने की शक्ति ही शक्ति तत्व कहलाती है।

इसके पश्चात् अंतिम तत्व है शुद्ध अनुभव कर्त्ता परम शिव का जिसमें विषय, विषय बोध तथा बोध के साधन सभी लुप्त हो जाते हैं और केवल रह जाता है 'मैं'। यही परम अद्वैत की स्थिति उस शाश्वत सत्य की स्थिति है जिसकी कल्पना कश्मीर शैव-दर्शन का आधार है।

वेदान्त जिसे विवृत कहता है—वह केवल नाम रूप होने के कारण मिथ्या समझा गया है, परंतु कश्मीर शैव-दर्शन के अनुसार समस्त सृष्टि शिव का आभास रूप है अत: सत्य है क्योंकि सत्य का अनुभव भी सत्य ही होता है। परमशिव आनंदमय है, स्वतंत्र है और संपूर्ण है और उसके अंदर सृष्टि, विचार और अनुभव के रूप में विद्यमान है।

ये जो 36 तत्व गिनाए गए हैं उन तत्वों का उपयोग और अनुभव जाने -अनजाने सभी करते हैं। ये तत्व अनवरत कार्यरत हैं और हमारे अनुभव के अनिवार्य अंग के रूप में प्रकट होते हैं। ये तत्व हमारे साथ हैं। हम इनमें हैं और इन सबसे बने हैं और योग द्वारा उन्हें अनुभव किया जा सकता है। यह योग स्व-संस्कृति, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं भौतिक पद्धतियों का एक संगम मात्र है। परम शिव की विभाजित स्थिति सब अणु है। सीमित प्रकृति वाला सीमित पुरुष भी अणु है और इनकी क्रिया प्रतिक्रिया से जगत का सारा प्रपंच उत्पन्न होता है। इनकी सामूहिक स्थिति जिनमें तत्वों की एक श्रेणी एक ईकाई बन जाती है, को तत्वेक्ष या अधिष्ठाता देवता कहा जाता है। इनका अनुभव करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की और योगाभ्यास की आवश्यकता है जिसमें संग्रह और विग्रह की तर्कयुक्त अनुभूति का होना आवश्यक है।

एक वाक्य में यदि कश्मीर शैव दर्शन के इस मत को प्रकट करना हो तो यही कहा जाएगा कि परम शिव अपनी स्वतंत्र इच्छा शक्ति से शुद्ध प्रकाश रूप से समस्त सृष्टि के रूप में प्रकट हो जाता है। क्योंकि जगत उसी के स्वातंत्र्य का विलास है। संसार व्यावहारिक एवं पारमार्थिक सत्ता का परिचायक है और शिव ज्ञान स्वरूप प्रकाश तथा कार्य-स्वरूप विमर्श का परिचायक है। उस परम शिव को बार-बार हमारा नमन हो जिसके लिए स्पन्दकारिका में कहा गया है—

यस्योन्मेषनिमेषाभ्यां जगत: प्रलयोदयौ।
तं शक्ति चक्रविभवप्रभवं शंकरं स्तुम:॥ ❑

शिव और हिमालय

—डी.एन. गिगू 'राजकमल'

हिमालय का हर पत्थर शिव है, यह पर्वत एक तीर्थ है
हम इसको चूम लें, चंदन लगाएं
कि यह माटी हमारी है। क़ि यह हिंदुस्तानी है।
हिमालय की सफेद दो चोटियों पर
गोलियों, बारूद का धुआं उतर आया
मुझे लगता है ऐसा
कि मानो रूठ शंकर से नंदी बैल ने
सींग पर कीचड़ उछाली है
हरी-सी घास फूलों के दहानों पर कभी
शबनम ढलकती है
मुझे लगता है ऐसा
किसी दुल्हन की आंखों से आंसू के दाग़ उतरे हैं।

यहां का हर पत्थर शिव है। यह पर्वत एक तीर्थ है.....
हम इसको चूम लें, चंदन लगाएं।

इसी आंगन में पत्थर को कला ने रूप बख्शा था
कि बुत बोले
जिसे जब हुस्न ने देखा थका, शर्मा गया
इसी तीरथ पै आई थी कभी गौरी नहाने को
यहीं पर गंग व जमुना की सभ्यता ने अंगडाईयां ली
इसी आंगन में बुतगर ने सपन के मासूम झरोखों को
सजाया था
यहां का हर पत्थर शिव है
यहां की हर नदी गेसू हसीनों के
इसी माटी का चन्दन डाल माथे पर
इसी माटी का कुमकुम डाल बिन्दिया पर
हम इसको चूम लें चन्दन लगाएं
कि यह माटी हमारी है, कि यह हिंदुस्तानी है।
यहीं शंकर की बाहों में पड़ी बेहोश शक्ति के
गिरे थे अंग, गिरी पायल
कि हर इक अंग जहां पर गिर गया तीरथ बना,
मंदिर बना
जिसके सामने कामना ने कंवारी मांग में
सिंदूर भर डाला
यहीं पर पार्वती के मासूम इशारे ने रक़्स को
थिरकन सिखाई थी
यहीं शिव के चरण की एक जुम्बिश ने ढोलकी को थाप
बख्शी थी
इसी आंगन में तुलसी ने कल्पना अपनी संवारी थी
इसी माटी का चंदन डाल माथे पर
इसी माटी का जल डाल आंखों में हसीनों के
हम इसको चूम लें चंदन लगाएं
कि यह माटी हमारी है, कि यह हिंदोस्तानी है।
यहीं आकाश से उतरी गंगा के किनारे पर
कभी तहजीब ने करवटें ले ली
तमद्दुन ने किनारों पर नया इतिहास लिख डाला।
यहीं पर तो हसीनों के तब्बसुम से चमन में फूल ने
अंगडाईयां लीं
कहीं पनघट कहीं चौपाल हसीनों की कहीं मस्ती
कभी जल भरते-भरते भीगते रंगीन से आंचल
नज़र आते नहीं यह आज।
दफन सारे हुए जंग के हंगामों में। ❑

(उर्दू से रूपांतरित)

[गांधी मेमोरियल कालेज, श्रीनगर के बी.एड. विभाग के पूर्व अध्यक्ष स्व. डी.एन. गिगू 'राजकमल' की उपर्युक्त कविता हमें प्रो. अरविंद गिगू के सौजन्य से प्राप्त हुई है।]

संत गाथा

जमनगरी वाले

श्री आनन्द जी सिद्ध

—डा. बलजिन्नाथ पण्डित

गत शताब्दी के उत्तरार्द्ध और वर्तमान शताब्दी के पूर्वार्द्ध में कश्मीर मण्डल में आनन्दजी नाम के एक सिद्ध पुरुष पर्याप्ततया विख्यात थे। जीवन के अन्तिम भाग को उन्हों ने कुलगाम तहसील के पश्चिमी भाग में अहरबल जल प्रपात के निकट बसे हुए जमनगरी नामक गांव में बिताया। वहां वे एक पण्डित के घर में दूसरी छत पर स्थित एक कमरे में ही रहते रहे। प्राय: कमरे से बाहिर नहीं निकलते रहे। किसी किसी जानकार महानुभाव से वैदुष्यपूर्ण वार्तालाप करते रहे, परन्तु जन साधारण के साथ उनका व्यवहार उन्मत्तों जैसा ही चलता रहा। बड़े बड़े लोग दूर दूर से उनके पास आया करते रहे, अपनी अपनी सांसारिक समस्याओं को लेकर के। किसी किसी व्यक्ति को समस्या का हल मिलता रहा, परन्तु कोई कोई निराश ही लौटते रहे। हमारे एक सम्बन्धी से खुलकर वार्तालाप करते रहे, उनके साथ कभी भी उन्मत्तता का बर्ताव नहीं किया। एक बार उन्होंने पूछा कि वे 'क्यों किसी पर अनुग्रह करते हैं और किसी के विषय में जरा भर भी परवाह नहीं करते। भगवत्-कृपा से प्राप्त शक्ति के द्वारा सभी को अनुकूल आशीर्वाद देना चाहिए था।' इस पर श्री आनन्दजी बोले "भले आदमी; मुझे ईश्वर ने यह सामर्थ्य नहीं दी है कि किसी को वरदान देते हुए उसकी समस्या को सुलझा सकूं। हां जरा भर दिव्य दृष्टि का कुछ अंश दे रखा है। उस दृष्टि से मैं देख सकता हूं कि किस के भविष्य में क्या होने वाला है और तद्नुसार ही कह डालता हूं कि उसका क्या होगा। जिसके भाग्य में कोई अभीष्ट वस्तु, की प्राप्ति होती ही नहीं, उसको मैं उसे कहां से लाकर दे दूं।" सुना है कि एक बार महाराजा प्रताप सिंह उनके पास पुत्र की कामना को लेकर आ गए। साथ भेंट चढ़ाने के लिए एक आमों का टोकरा लाए थे। महात्माजी से कहा कुछ भी नहीं। केवल प्रणाम करके दरी पर बैठ गए। श्री आनन्दजी ने टोकरे में हाथ डाल कर उसमें से एक ऐसा आम निकाला जो सड़ा हुआ था। उसी आम को महाराजा साहिब के हाथ में देते हुए कहने लगे—"वहां यही था, तो यही दे रहा हूं। इस से अच्छा कहां से ले आऊं।' तदनन्तर महाराजा साहिब की रानी ने एक पुत्र को जन्म दिया जो जन्म से ही रोगग्रस्त था और छोटी आयु में ही मर गया। टिका साहिब नाम के उस राजकुमार की टूटी फूटी समाधि रामबाग में मौजूद है। आम का फल कैसे सड़ गया, इस बात को कौन जानता है। कुछ एक घंटों में ही सड़ तो नहीं सकता। अस्तु। शास्त्रों में इस प्रकार के महापुरुषों के विषय में कहा गया है कि वे या तो काष्ठवत् पड़े रहते हैं। खाने पीने, उठने बैठने की भी सुध उनमें नहीं रहती है। कोई ऐसे महानुभाव बालकों की तरह व्यवहार करते हैं और पागलों की तरह। स्वामी श्री आनन्दजी उन्मत्तवत् व्यवहार करते रहे जब तक वे जननगरी में अपनी आयु के अन्तिम वर्षों को निभाते हुए; परन्तु वस्तुत: उन्मत्त नहीं थे। किसी किसी योग्य महानुभाव के साथ पर्याप्त विवेकपूर्वक बातें कभी किया करते थे।

प्राय: उस कमरे से बाहिर मलमूत्र आदि के त्याग के लिए भी निकलते नहीं। खिड़की पर बैठकर बाहिर की ओर उसका विसर्जन किया करते थे। परन्तु कभी कभी बाहिर अटवी (और) की ओर निकलते भी थे और एकान्त में बैठते भी थे। इस प्रकार से बैठे-बैठे समाधिनिष्ठ हो जाया करते थे। उनकी ऐसी सहज समाधि में बैठे रहने की अवस्था में किसी महानुभाव ने कभी एक फोटो ली थी। उसे मैंने देखा है। चट्टानों के बीच में साधारण तौर पर बैठे हुए समाधिस्थ दीख पड़ते हैं उस फोटो में। एक फोटो उनकी मैंने वह भी देखी है जिसमें विधिपूर्वक आसन लगाकर समाधि की अवस्था में टिके रहे। वस्तुत: उनका व्यवहार जीवन के उस जमनगरी वाले अन्तिम दौर में सर्वथा स्वतन्त्रता का हुआ करता था। जैसी उमंग आती थी, वैसे व्यवहार किया करते थे। जमनगरी में रहने वाले लोग उनके जीवन के अतीत भागों के विषय में कुछ भी जानते नहीं थे। उन्हें यह नहीं मालूम था कि उनका जन्म कहां हुआ। बाल्यकाल और नवयौवन उन्होंने कहां कहां बिताया।

